# हिन्दुस्तान जॉब्स

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

हिन्दुस्तान अखबार का रोजगार साप्ताहिक

हर सोमवार हिन्दुस्तान के साथ निःशुल्क


**खास मौके** कांस्टेबल **11749** | जूनियर इंस्ट्रक्टर **1821** | ट्रेड अप्रेंटिस **733** | कंप्यूटर ऑपरेटर **717**

कन्टेंट पार्टनर shine.com www.shine.com

## अपनी नौकरी खुद चुनें


मैट्रिक/आईटीआई
**Page : 2, 3, 6**

इंटरमीडिएट/ 12वीं
**Page : 9, 10**

ग्रेजुएट
**Page : 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11**

पोस्ट ग्रेजुएट
**Page : 2, 4, 5, 6, 9, 10, 11**

इंजीनियरिंग
**Page : 2, 4, 5, 6, 9, 10**

एमबीए/ एमबीबीएस/मेडिकल
**Page : 2, 4, 5, 6, 9**

एमसीए/ सीए/ पीएचडी
**Page : 4, 5, 10, 11**

विविध
**Page : 2, 3, 5, 6, 9, 10, 11**

सरकारी
**Page : 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11**


## बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड ने भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए

# टेक्निशियन ग्रेड-III 2000 पदों पर बंपर मौके




### पावर जॉब

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ने टेक्निशियन ग्रेड-III के 2000 पदों पर बंपर भर्तियां निकाली हैं। इसमें दसवीं और आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन ट्रेड) पास महिला और पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए देखें... **P03**

**P 07** स्मार्ट तैयारी : तीन स्तरीय अध्ययन योजना से तार्किक क्षमता होगी मजबूत

### हॉट जॉब


- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेड अप्रेंटिस के 733 पदों पर आवेदन का मौका **P02**
- बीएसएफ में सब-इंस्पेक्टर समेत 82 पदों पर नौकरी करने के लिए फॉर्म भरें **P02**
- एम्स गोरखपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के 17 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी **P02**
- डीआरडीओ में 150 रिक्त पदों पर अवसर, नौ अप्रैल तक करना होगा आवेदन **P03**
- संघ लोक सेवा आयोग ने साइंटिस्ट-बी समेत 147 पदों पर भर्तियां निकालीं **P04**
- सीनियर मेडिकल ऑफिसर समेत 85 पदों पर ऑनलाइन आवेदन करें **P04**
- डिप्टी डायरेक्टर समेत 25 रिक्त पदों पर भर्तियां, 14 अप्रैल तक फॉर्म भरें **P04**
- दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के 158 पद रिक्त **P05**
- पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड ने कांस्टेबल के 11749 पदों पर आवेदन मांगे **P06**
- मेडिकल ऑफिसर समेत 100 रिक्त पदों पर नौकरी करने का अवसर **P06**
- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जूनियर इंस्ट्रक्टर के 1821 पद भरेगा **P09**
- मेडिकल एग्जिक्यूटिव के 63 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी **P09**
- डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर समेत 3825 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी **P10**
- सीबीएसई ने जूनियर इंजीनियर समेत 118 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए **P10**
- चिकित्सा शिक्षा निदेशालय मध्य प्रदेश 233 रिक्त पदों पर भर्तियां करेगा **P11**
- असिस्टेंट प्रॉसीक्यूशन ऑफिसर के 181 पदों पर आवेदन करने का मौका **P11**


### जॉब्स गाइड : P12


- हेड टीचर के 40247 पदों पर रिक्तियां
- आरआरबी में 9144 पदों पर होंगी भर्तियां
- पुलिस कांस्टेबल के 3734 पद भरे जाएंगे
- उत्तर प्रदेश में 2535 पदों पर मिलेंगे मौके
- पीजीटी समेत 1499 पदों पर आवेदन करें
- जूनियर इंस्ट्रक्टर के 679 पदों पर अवसर
- बंगाल में सब-इंस्पेक्टर के 464 पद रिक्त
- लखनऊ मेट्रो रेल में 439 पदों पर नियुक्ति

# ट्रेड अप्रेंटिस के 733 पदों पर आवेदन करें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर), बिलासपुर ने ट्रेड अप्रेंटिस के 733 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इसके तहत ड्राफ्ट्समैन (सिविल), इलेक्ट्रिशियन, फिटर, पेंटर, प्लंबर, स्टेनो, वेल्डर, वायरमैन समेत कई पदों पर भर्तियां की जाएंगी। इसमें चयनित अभ्यर्थियों को एक साल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी एसईसीआर की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2024 (रात 11:59 तक) निर्धारित की गई है।

**कुल पद: 733 (अनारक्षित-296)**

**(कार्यक्षेत्र/ विभाग के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| कारपेंटर | पद : 38 |
| कोपा | पद : 100 |
| ड्राफ्ट्समैन (सिविल) | पद : 10 |
| इलेक्ट्रिशियन | पद : 137 |
| इलेक्ट्रॉनिक/ मेकेनिक | पद : 05 |
| फिटर | पद : 187 |
| मशीनिष्ट | पद : 04 |
| पेंटर | पद : 42 |
| प्लंबर | पद : 25 |
| आरएसी मेकेनिक | पद : 15 |
| शीट मेटल वर्कर | पद : 04 |
| स्टेनोग्राफर, अंग्रेजी | पद : 27 |
| स्टेनोग्राफर (हिंदी) | पद : 19 |
| डीजल मेकेनिक | पद : 12 |
| टर्नर | पद : 04 |
| वेल्डर | पद : 18 |
| वायरमैन | पद : 80 |
| केमिकल लेबोरेट्री असिस्टेंट | पद : 04 |
| डिजिटल फोटोग्राफर | पद : 02 |

## योग्यता

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।
- साथ ही मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई किया होना चाहिए।

**स्टाइपेंड :** छत्तीसगढ़ सरकार के नियमानुसार अभ्यर्थियों को प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर)

**ध्यान दें**
**733 पद**

- आवेदन शुल्क : किसी भी वर्ग के लिए कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 12 अप्रैल 2024 (रात 11:59 तक)
- आधिकारिक वेबसाइट : https://apprenticeshipindia.org
- हेल्पलाइन नंबर : 9752876639

## आयु सीमा

- न्यूनतम 15 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष से कम हो।
- आयु सीमा की गणना 12 अप्रैल 2024 को आधार मानकर की जाएगी।
- अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 05 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 03 वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष तक की छूट प्रदान की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता यानी मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।
- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- अभ्यर्थी सबसे पहले एसईसीआर की आधिकारिक वेबसाइट (https://secr.indianrailways.gov.in) पर जाएं।
- होमपेज पर नीले रंग की पट्टी में 'रिक्रूटमेंट/ न्यूज/ प्रेस रिलीज' का विकल्प दिखेगा। इस पर क्लिक करने पर तीन विकल्प रिक्रूटमेंट, प्रेस रिलीज, स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत मिशन दिखाई देंगे। इनमें से 'रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करने पर कई विकल्प दिखेंगे। इनमें से 'बिलासपुर डिवीजन' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। यहां 'एंगेजमेंट ऑफ एक्ट अप्रेंटिस इन एसईसीआर, बिलासपुर डिवीजन फॉर द ईयर 2024-25 अंडर अप्रेंटिस एक्ट 1961 एंड अप्रेंटिसशिप रूल्स 1962' नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा। अभ्यर्थी इस पर क्लिक करें।
- अब भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल खुल जाएगी। इसे डाउनलोड कर अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें। आवेदन करने के लिए सबसे पहले एनएपीएस पोर्टल पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- अब अभ्यर्थी एनपीएस पोर्टल (https://apprenticeshipindia.gov.in) पर जाएं।
- इसके होमपेज पर सामने ही दाईं ओर गुलाबी रंग में 'लॉगइन/ रजिस्टर' का विकल्प दिखाई देगा। इसके अंदर कई विकल्प दिए गए हैं। इसमें पहले नंबर पर 'कैंडिडेट' का विकल्प दिखाई देगा। उस पर क्लिक करें।
- अब नए वेबपेज पर सामने ही 'लॉगइन एज-ए कैंडिडेट' और 'रजिस्टर एज-ए कैंडिटेंड' नाम से दो विकल्प दिखाई देंगे। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 'रजिस्टर एज-ए कैंडिटेंट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर अपना मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी दर्ज करें और कैप्चा भरकर नीचे नीले रंग की बॉक्स में दिए 'रजिस्टर' के विकल्प पर क्लिक करें। अब आपको दर्ज किए गए मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। यह ओटीपी दर्ज कर सब्मिट पर क्लिक करें।
- नए पेज पर आपको अप्रेंटिस कोड प्राप्त होगा। इस कोड को कहीं नोट कर लें। इसके साथ ही एनएपीएस पोर्टल पर आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
- अब पिछले पेज पर वापस जाएं और 'लॉगइन एज ए कैंडिडेट' के विकल्प पर क्लिक करें। नए पेज पर अपनी ईमेल आईडी और पासवर्ड दर्ज करें। अंत में कैप्चा भरकर 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें।
- अब आवेदन-पत्र खुल जाएगा। इसमें मांगी गईं जानकारियां एक-एक कर दर्ज करें। साथ ही संबंधित दस्तावेजों, अपनी हाल की पासपोर्ट साइज फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड कर दें।
- अंत में भरे हुए आवेदन-पत्र का प्रिंट निकालकर रख लें और 'सब्मिट' बटन पर क्लिक अपना आवेदन-पत्र जमा कर दें। आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# एम्स गोरखपुर में 17 पदों पर भर्तियां होंगी

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स), गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 17 पदों के लिए आवेदन मांगे हैं। आवेदन स्पीड पोस्ट/ डाक के माध्यम से भेजना होगा। इच्छुक उम्मीदवार 11 अप्रैल 2024 तक तय पते पर जरूरी दस्तावेज संलग्न कर आवेदन भेज सकते हैं।

**असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद: 17**

**इन पदों पर होंगी नियुक्तियां :** एनेस्थीसिया, डर्मेटोलॉजी, जनरल मेडिसिन, न्यूक्लियर मेडिसिन, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन एंड ब्लड बैंक और ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन।

**योग्यता (मेडिकल उम्मीदवारों के लिए) :** एमबीबीएस की डिग्री हो। संबंधित सुपर स्पेशलिटी में पीजी डिग्री या पीजी डिप्लोमा (एमडी/ एमएस/ एमसीएच/ डीएम) हो। टीचिंग और रिसर्च में तीन से चार वर्ष का कार्यानुभव हो।

**योग्यता (नॉन-मेडिकल उम्मीदवारों के लिए) :** टीचिंग और रिसर्च में छह वर्ष का कार्यानुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** 1,01,500 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 50 वर्ष से कम हो। आयु सीमा की गणना 11 अप्रैल 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

- अधिकतम उम्र में एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष, ओबीसी को 3 वर्ष, दिव्यांगों को 10 वर्ष, एससी/ एसटी वर्ग के दिव्यांगों को 15 वर्ष और ओबीसी वर्ग के दिव्यांगों को 13 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** साक्षात्कार के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 3000 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग/ महिला और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

- **खाता धारक का नाम :** रिक्रूटमेंट सेल, एम्स गोरखपुर
- **बैंक का नाम :** भारतीय स्टेट बैंक
- **खाता संख्या:** 42368584553
- **आईएफएससी:** SBIN0018457

**वेबसाइट :** https://aiimsgorakhpur.edu.in

**आवेदन इस पते पर भेजें**

- रिक्रूटमेंट सेल, एम्स गोरखपुर (शैक्षणिक ब्लॉक), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर, कुंराघाट, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273008

# बीएसएफ में सब-इंस्पेक्टर समेत 82 पदों पर नौकरी के लिए फॉर्म भरें

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने 82 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत बीएसएफ एयर विंग, बीएसएफ इंजीनियरिंग (ग्रुप-बी) और बीएसएफ इंजीनियरिंग (ग्रुप-सी) के पदों पर भर्तियां होंगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 08 अप्रैल 2024 (रात 11:59 बजे तक) है।

**बीएसएफ एयर विंग, कुल पद : 22 (अनारक्षित-13)**

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

**असिस्टेंट एयरक्राफ्ट मेकेनिक (एएसआई), पद : 08**

**योग्यता :** संबंधित ट्रेड में तीन वर्ष का डिप्लोमा होना चाहिए।

**सहायक रेडियो मेकेनिक (एएसआई), पद : 11**

**योग्यता :** टेलीकम्युनिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा किया हो।

**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** 29,200 से 92,300 रुपये वेतन मिलेगा।

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** अधिकतम 28 वर्ष से कम होनी चाहिए।

**कांस्टेबल (स्टोरमैन), पद : 03**

**योग्यता :** 10वीं हो। दो वर्ष का अनुभव हो। कंप्यूटर का ज्ञान हो।

**वेतनमान :** 21,700 से 69,100 रुपये।

**आयु सीमा :** 20 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

**बीएसएफ इंजीनियरिंग (ग्रुप-बी), कुल पद : 22 (अनारक्षित-13)**

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों का ब्योरा)**

**सब-इंस्पेक्टर (वर्क्स), पद : 13**

**योग्यता :** सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

**सब-इंस्पेक्टर जूनियर इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल), पद : 09**

**योग्यता :** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा हो।

**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** 35400 से 1,12,400 रुपये वेतनमान मिलेगा।

**आयु सीमा (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** अधिकतम 30 वर्ष से कम होनी चाहिए।

**बीएसएफ इंजीनियरिंग (ग्रुप-सी), कुल पद : 38**

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

**एचसी (प्लम्बर), पद : 01**

**एचसी (कारपेंटर), पद : 01**

**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** 25,500 से 81,100 रुपये प्रतिमाह वेतनमान मिलेगा।

**कांस्टेबल (जनरेटर ऑपरेटर), पद : 13**

**कांस्टेबल (जनरेटर मेकेनिक), पद : 14**

**कांस्टेबल (लाइनमैन), पद : 09**

**योग्यता (उपरोक्त पांच पदों के लिए) :** 10वीं पास हो। संबंधित ट्रेड में आईटीआई हो और तीन वर्ष का अनुभव हो।

**वेतनमान (उपरोक्त तीनों पदों के लिए) :** 21700 से 69,100 रुपये।

**आयु सीमा (उपरोक्त पदों के लिए) :** 18 से 25 वर्ष के बीच।

## आयु सीमा में छूट

- आयु सीमा की गणना 09 सितंबर 2024 के आधार पर होगी। अधिकतम उम्र में एससी/ एसटी वर्ग को 5 वर्ष और ओबीसी को 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/ शारीरिक मानक परीक्षण/ शारीरिक दक्षता परीक्षा और ट्रेड टेस्ट के आधार पर।

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग और महिलाओं के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

## आवेदन प्रक्रिया

- अभ्यर्थी वेबसाइट पर (https://rectt.bsf.gov.in) जाएं। होमपेज पर नीचे की ओर स्क्रॉल करने पर 'करंट रिक्रूटमेंट ओपनिंग्स' सेक्शन में भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिए गए हैं। इनमें अलग-अलग विंग के अनुसार 'व्यू डिटेल्स' पर जाकर भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ को डाउनलोड कर इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें। पिछले पेज पर वापस आएं। यहां 'व्यू डिटेल्स' के सामने 'अप्लाई हियर' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सात चरण दिखाई देंगे, जिसमें पर्सनल इंफॉर्मेशन में अपना नाम, मोबाइल नंबर और ईमेल-आईडी दर्ज करें। इससे आपके मोबाइल और ईमेल-आईडी पर एक ओटीपी आएगा। इसके बाद एड्रेस डिटेल्स में स्थायी पता दर्ज करें। अदर डिटेल्स के बाद शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, दस्तावेज से संबंधित विवरण आदि दर्ज करें। इससे आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।
- अब होमपेज पर कैंडिडेट लॉगइन पर क्लिक करें। खुलने वाले पेज पर रजिस्ट्रेशन के दौरान प्राप्त आईडी और पासवर्ड दर्ज कर लॉगइन करें। नए पेज पर आवेदन-पत्र खुल जाएगा। अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारियां एक-एक कर दर्ज कर दें।
- भरे गए आवेदन-पत्र को अभ्यर्थी एक बार अच्छी तरह से जांच लें। फिर निर्देशानुसार शुल्क का भुगतान कर दें और अंत में आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें। आवेदन-पत्र को सब्मिट करने से पहले उसका एक प्रिंट निकालकर अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# टेक्निशियन के 2000 पदों पर बंपर भर्तियां होंगी

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ने टेक्निशियन ग्रेड-III के 2000 पदों पर बंपर भर्तियां निकाली हैं। सभी तरह के आरक्षण का लाभ बिहार के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य राज्यों के किसी भी वर्ग के अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 01 अप्रैल 2024 से शुरू हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। विस्तृत जानकारी के लिए पद से संबंधित नोटिफिकेशन जरूर देखें...

### टेक्निशियन ग्रेड-III, कुल पद: 2000(अनारक्षित-500)

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| ■ सामान्य | पद : 325 |
| ■ ईडब्ल्यूएस | पद : 130 |
| ■ अनुसूचित जाति | पद : 260 |
| ■ अनुसूचित जनजाति | पद : 26 |
| ■ अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पद : 325 |
| ■ पिछड़ा वर्ग | पद : 234 |
| ■ महिलाएं | पद : 700 |

## योग्यता

■ मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्थान से 10वीं कक्षा उत्तीर्ण हो या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

■ नेशनल काउंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग, न्यू दिल्ली (एनसीवीटी) और स्टेट काउंसिल ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग (एससीवीटी) से इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई प्रमाण पत्र प्राप्त हो।

## बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल)

**ध्यान दें**

**2000** पद

- आवेदन शुल्क : सामान्य वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 1500 रुपये शुल्क देय होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांग वर्ग और बिहार के मूल निवासी महिलाओं के लिए 375 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 30 अप्रैल 2024 (रात 11:59 बजे तक)
- वेबसाइट : **www.bsphcl.co.in**

### चयन प्रक्रिया

- कंप्यूटर आधार परीक्षा के आधार पर चयन होगा।
- सीबीटी में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी को न्यूनतम 40 फीसदी अंक प्राप्त करने होंगे।
- बीसी वर्ग के लिए 36 .5 फीसदी अंक, ईबीसी के लिए 34 फीसदी अंक और एससी/एसटी और महिलाओं को 32 फीसदी अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

**प्रोबेशन पीरियड :** दो वर्ष।
**वेतनमान :** 9200 से 15, 500 रुपये।

## आयु सीमा

- न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 37 वर्ष से कम हो।
- अधिकतम आयु में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी को पांच वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) और सामान्य वर्ग की महिलाओं को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष छूट प्रदान की जाएगी।
- आयु की गणना 31 मार्च 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

## आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी), पिछड़ा वर्ग (बीसी) के लिए 1500 रुपये शुल्क देय होगा।
- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग, दिव्यांग वर्ग और बिहार के मूल निवासी महिलाओं के लिए 375 रुपये।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन ही करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- उम्मीदवार सबसे पहले संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **(www.bsphcl.co.in)** पर जाएं। होमपेज पर बायीं ओर 'साइट इंडेक्स' में कई सारे विकल्प दिए गए हैं। इसमें से 'रिक्रूटमेंट न्यूज' पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर डिस्क्रीप्शन सेक्शन में भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिए गए हैं। इसमें स्क्रॉल करके नीचे आने पर **'06/03/2024Inviting Online Application for appointment on the post of Technician Grade-III against Employment Notice No.-05/2024'** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखाई देगा। इसके लिंक पर क्लिक करके नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें और विज्ञापन को अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक 01 अप्रैल 2024 से सक्रिय होगा। अप्लाई ऑनलाइन और रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। रजिस्ट्रेशन लिंक खुलने पर रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारियां दर्ज कर 'सब्मिट' बटन पर क्लिक करना होगा।
- अब आवेदक को एक ई-मेल प्राप्त होगा। इसमें यूजर नेम, पासवर्ड और लॉगइन लिंक होगा। इसके बाद यूजर नेम और पासवर्ड की सहायता से 'लॉगइन' करें।
- ऐसा करने पर आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। अभ्यर्थी एक बार आवेदन-पत्र को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके बाद आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारियों को एक-एक कर दर्ज करनी होंगी। सभी जरूरी दस्तावेजों की स्कैन कॉपी और अपनी हाल की पासपोर्ट साइज फोटो की स्कैन कॉपी भी अपलोड करना होगा।
- इसके बाद निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान कर दें। इससे आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अंत में आवेदन-पत्र को सब्मिट करने से पहले एक प्रिंट निकालकर अपने पास सुरक्षित रख लें।

### महत्वपूर्ण तिथियां

- **आवेदन शुरू होने की तिथि :** 01 अप्रैल 2024
- **परीक्षा की संभावित तिथि :** मई/जून 2024
- **हेल्पडेस्क नंबर :** 9513253397
- **ईमेल आईडी: bsphclrecpat@gmail.com**

# डीआरडीओ में 150 पदों पर अवसर, नौ अप्रैल तक करें आवेदन

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), बेंगलुरु ने ग्रेजुएट (इंजीनियरिंग), ग्रेजुएट (नॉन इंजीनियरिंग), डिप्लोमा और आईटीआई अप्रेंटिस के 150 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके तहत चयनित अभ्यर्थियों को 12 महीने प्रशिक्षण दिया जाएगा। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी 09 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस इंजीनियरिंग, पद : 75

**(विभिन्न ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**

| | |
|---|---|
| ■ मेकेनिकल/ प्रोडक्शन/ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन | पद : 30 |
| ■ एरोनॉटिकल/ एयरोस्पेस | पद : 15 |
| ■ मेटालर्जी/ मैटेरियल साइंस | पद : 04 |
| ■ सिविल या समकक्ष | पद : 01 |
| ■ कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ इंफॉर्मेशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी | पद : 15 |
| ■ इलेक्ट्रिकल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन/ टेलीकॉम | पद : 10 |

### ग्रेजुएट अप्रेंटिस (नॉन इंजीनियरिंग), पद : 30

**(कार्यक्षेत्र/विभाग के अनुसार रिक्तियां)**

| | |
|---|---|
| ■ बीकॉम | पद : 10 |
| ■ बीएससी | पद : 05 |
| ■ बीए | पद : 05 |
| ■ बीसीए | पद : 05 |
| ■ बीबीए | पद : 05 |

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पद से संबंधित विषय में स्नातक हो। वर्ष 2021/2022/2023 में स्नातक की डिग्री हासिल की हो।
**स्टाइपेंड :** 9,000 रुपये।

### टेक्निशियन (डिप्लोमा अप्रेंटिस), पद : 20

**(विभिन्न ट्रेड के अनुसार रिक्तियां)**

| | |
|---|---|
| ■ मेकेनिकल/ प्रोडक्शन/ टूल एंड डाई डिजाइन | पद : 10 |
| ■ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन | पद : 07 |
| ■ कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर नेटवर्किंग | पद : 03 |

## रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)

**ध्यान दें**

**150** पद

- आवेदन शुल्क : किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 09 अप्रैल 2024
- वेबसाइट : **www.drdo.gov.in, https://nats.education.gov.in, www.apprenticeshipindia.org**
- हेल्प डेस्क ईमेल : **hrd.gtre@gov.in**

**योग्यता :** पद से संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा किया हो। या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।
**स्टाइपेंड :** 8,000 रुपये।

### ट्रेड अप्रेंटिस (आईटीआई), पद : 25

**(विभिन्न ट्रेड/कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| ■ मशीनिस्ट | पद : 03 |
| ■ फिटर | पद : 04 |
| ■ टर्नर | पद : 03 |
| ■ इलेक्ट्रिशियन | पद : 03 |
| ■ वेल्डर | पद : 02 |
| ■ शीट मेटल वर्कर | पद : 02 |
| ■ कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | पद : 08 |

**योग्यता :** 10वीं उत्तीर्ण हो। इसके साथ ही राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) से मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ट्रेड में आईटीआई किया हो।
**स्टाइपेंड :** 7,000 रुपये।

## आयुसीमा

- न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम 27 वर्ष से कम हो।
- अधिकतम आयु में ओबीसी वर्ग को 03 वर्ष, एससी/एसटी को 05 वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट प्रदान होगी।
- आयु की गणना 09 अप्रैल 2023 को मानकर की जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा/ साक्षात्कार और मेडिकल टेस्ट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए शुल्क देय नहीं।

## आवेदन प्रक्रिया

- ग्रेजुएट इंजीनियरिंग/डिप्लोमा इंजीनियरिंग और ग्रेजुएट नॉन इंजीनियरिंग पदों के अभ्यर्थी को सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।
- इसके लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **(https://nats.education.gov.in)** पर जाएं। होमपेज पर सबसे दाईं ओर नीले रंग की पट्टी पर 'लॉगइन' और 'एनरोल' पर क्लिक करें।
- खुलने वाले नए पेज पर मांगी गई जानकारी दर्ज करें। नए पेज पर रजिस्ट्रेशन से संबंधित मांगी गई जानकारियों को भरें। फिर 'प्रीव्यू एंड कंफर्म' करके सब्मिट कर दें।
- आईटीआई अप्रेंटिस के अभ्यर्थी अप्रेंटिस पोर्टल **(www.apprenticeshipindia.org)** पर जाएं। होमपेज पर सामने ही दाईं ओर गुलाबी रंग में 'लॉगइन/ रजिस्टर' का विकल्प दिखाई देगा। इसके अंदर कई विकल्प दिए गए हैं। इसमें पहले नंबर पर 'कैंडिडेट' का विकल्प दिखाई देगा। उस पर क्लिक करें।
- अब नए वेबपेज पर सामने ही 'लॉगइन एज-ए कैंडिडेट' और 'रजिस्टर एज-ए कैंडिडेट' नाम से दो विकल्प दिखाई देंगे। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 'रजिस्टर एज-ए कैंडिडेट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- अब रजिस्ट्रेशन में मांगी गई जानकारी भर दें और कैप्चा भरकर सब्मिट कर दें। इसके साथ ही एनएपीएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।
- अब संस्थान की वेबसाइट **(drdo.gov.in)** पर जाएं। होमपेज पर 'करियर्स' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'करियर्स विद डीआरडीओ' के नीचे क्रमांक संख्या-2 में 'गैस ट्रिब्यून रिसर्च इस्टैब्लिशमेंट (जीटीआरई) बेंगलुरु इनवाट्स ऑनलाइन एप्लीकेशन फ्रॉर्म इलिजिबल कैंडिडेट्स फॉर ग्रेजुएट इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट, डिप्लोमा एंड आईटीआई अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग फॉर द फाइनेंशियल ईयर 2024-24' नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें।
- विज्ञापन को अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें। अब पिछले पेज पर वापस जाएं और विज्ञापन के नोटिफिकेशन के ठीक सामने 'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर रिक्रूटमेंट एंड एसेसमेंट सेंटर, डीआरडीओ, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, दिल्ली, इंडिया के बायीं ओर 'लॉगइन' और 'रजिस्टर' का विकल्प दिखेगा। 'रजिस्टर' में निशान लगाएं और अपनी जन्म तिथि समेत अन्य जानकारियां दर्ज करें। फिर कैप्चा भरकर 'रजिस्टर' पर क्लिक कर दें। इससे रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
- आपके ईमेल और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध करा दिया जाएगा। अब पिछले पेज पर वापस जाएं और 'लॉगइन' पर क्लिक करें। यहां मांगी गई जानकारियां दर्ज कर कैप्चा भरें और 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें। आपका आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- आवेदन फॉर्म में बारी-बारी सभी जानकारियां दर्ज कर संबंधित दस्तावेजों और अपनी हाल की पासपोर्ट साइज फोटो की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड कर दें। इससे आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके बाद भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंट निकाल लें और 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें।

सभी प्रकार की मासिक पत्रिका मैगजीन पढ़ने
वाले इस पेज को किलक करे
जरूर करे

https://t.me/Magazine9876

**Those who read all types of monthly magazines must join this group.**

**Please touch this page**

# साइंटिस्ट-बी समेत 147 पदों पर अवसर

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 147 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इसमें साइंटिस्ट-बी (मेकेनिकल), एंथ्रोपोलॉजिस्ट, असिस्टेंट प्रोफेसर, असिस्टेंट एग्जिक्यूटिव इंजीनियर, साइंटिस्ट-बी (सिविल इंजीनियर), असिस्टेंट डायरेक्टर (सेफ्टी) के पद शामिल हैं। चयनित उम्मीदवारों को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में नियुक्तियां दी जाएंगी। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है।

## संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी)

**ध्यान दें**

**147 पद**

- आवेदन शुल्क : : सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 25 रुपये। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग/ महिला और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 11 अप्रैल 2024 (रात 23:59 बजे तक)
- वेबसाइट : https://upsc.gov.in
- हेल्पलाइन नंबर : 1800-118-711/ 011-23098543/ 23385271/ 23381125

### साइंटिस्ट-बी (मेकेनिकल), पद : 01

**योग्यता :** भौतिकी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव हो। या

- मेकेनिकल इंजीनियरिंग/ मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक हो। साथ ही 2 वर्ष का अनुभव हो।

**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

### एंथ्रोपोलॉजिस्ट, पद : 01

**योग्यता :** 50 प्रतिशत अंकों के साथ एंथ्रोपोलॉजी में स्नातकोत्तर डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव हो।

**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल-10 के अनुसार वेतन मिलेगा।

**आयु सीमा :** अधिकतम 38 वर्ष से कम हो।

### असिस्टेंट प्रोफेसर, पद : 123

**(कार्यक्षेत्र/विभाग के अनुसार रिक्तियां)**

| | |
|---|---|
| ■ एनिथिसियोलॉजिस्ट | पद : 48 |
| ■ कार्डियो वैस्कुलर एंड थोरोकिक सर्जरी | पद : 05 |
| ■ नियोनैटोलॉजिस्ट | पद : 19 |
| ■ न्यूरोलॉजी | पद : 26 |
| ■ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायन्कोलॉजी | पद : 20 |
| ■ फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन | पद : 05 |

**योग्यता (उपरोक्त छह पदों के लिए) :** संबंधित विषय में एमबीबीएस/ पीजी हो। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव हो।

**वेतनमान (उपरोक्त छह पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल -11 के अनुसार वेतन मिलेगा।

**आयु सीमा (उपरोक्त छह पदों के लिए) :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

### असिस्टेंट एग्जिक्यूटिव इंजीनियर, पद : 04

**योग्यता :** ड्रिलिंग/ माइनिंग/ मेकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ सिविल इंजीनियरिंग/ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग/ पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी में स्नातक डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में 2 वर्ष का कार्यानुभव हो।

### साइंटिस्ट-बी (सिविल इंजीनियर), पद : 08

**योग्यता :** सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव हो।

### साइंटिस्ट-बी (इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन), पद : 03

**योग्यता :** इलेक्ट्रॉनिक्स/ इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव हो।

### असिस्टेंट डायरेक्टर (सेफ्टी), पद : 07

**योग्यता :** मेकेनिकल/ इलेक्ट्रिकल/ केमिकल/ मरीन/ इंस्ट्रूमेंटेशन/ सिविल इंजीनियरिंग/ एग्रीकल्चर/ टेक्सटाइल केमिस्ट्री/ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी/ कंप्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में स्नातक डिग्री हो। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव हो।

**वेतनमान (उपरोक्त चारों पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल-10 के अनुसार वेतन मिलेगा।

**आयु सीमा (उपरोक्त चारों पदों के लिए) :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।

### आयु सीमा में छूट

- आयु सीमा की गणना 11 अप्रैल 2024 को आधार मानकर की जाएगी। अधिकतम आयु सीमा में आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

- अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता और कार्यानुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 25 रुपये। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग/ महिला और दिव्यांग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- शुल्क का भुगतान क्रेडिट कार्ड/ डेबिट कार्ड/ मोबाइल वॉलेट/ इंटरनेट बैंकिंग द्वारा ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट (https://upsc.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर सामने ही गहरे नीले रंग की पट्टी पर कई विकल्प दिखाई देंगे। इनमें से 'रिक्रूटमेंट' विकल्प पर जाएं। इसके अंदर 'एडवर्टाइजमेंट्स' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सामने ही 'रिक्रूटमेंट एडवर्टाइजमेंट्स' का विकल्प दिखाई देगा। इसके नीचे भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन के पीडीएफ दिए गए हैं। इनमें से सबसे ऊपर **'Advertisement No. 06-2024 (182.39 KB)'** नाम से दिए भर्ती से संबंधित विज्ञापन पर जाएं।
- नए पेज पर विज्ञापन खुल जाएगा। अभ्यर्थी विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर इसे एक बार अच्छी तरह पढ़ लें। होमपेज पर वापस आएं। यहां सामने ही 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) फॉर एग्जामिनेशंस' का विकल्प दिखेगा। इस पर क्लिक करें। यूपीएससी ने वन-टाइम रजिस्ट्रेशन सुविधा शुरू की है। इसके तहत आयोग की वेबसाइट पर आपको एक बार ही पंजीकरण कराना है।
- इससे यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर (ओटीआर आईडी) और पासवर्ड मिलेंगे। इनकी मदद से आयोग द्वारा होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे।
- पंजीकरण करने के लिए खुलने वाले नए पेज पर सामने ही लाल रंग के बॉक्स में दिए 'न्यू रजिस्ट्रेशन' के विकल्प पर क्लिक करें। इससे पंजीकरण फॉर्म खुलेगा। यहां अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि नाम, जन्मतिथि, पिता का नाम, माता का नाम, मोबाइल नंबर आदि दर्ज करें। फिर कैप्चा दर्ज कर सब्मिट पर क्लिक करें। इससे आपकी ओटीआर आईडी बन जाएगी।
- अब आईडी और पासवर्ड की मदद से लॉगइन करें। ईमेल और मोबाइल नंबर से भी लॉगइन कर सकते हैं। यूपीएससी ने लॉगइन के लिए तीन विकल्प मुहैया कराए हैं।
- लॉगइन करने के बाद आवेदन-पत्र खुल जाएगा। इसमें अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य जानकारियां दर्ज करें। साथ ही परीक्षा केंद्र का चयन करें।
- आवेदन-पत्र में मांगे गए दस्तावेजों, पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें।
- इसके बाद निर्देशानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान करें। अंत में फॉर्म में दर्ज की गई जानकारियों के सही होने पर 'मैं सहमत हूं' पर क्लिक कर दें।

# डिप्टी डायरेक्टर समेत 25 पदों के लिए फॉर्म भरें

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) ने 25 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये नियुक्तियां स्थायी आधार पर होंगी। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी 14 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### डिप्टी डायरेक्टर, पद : 02 (अनारक्षित-02)

**वेतनमान :** 78,800 से 2,09,200 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 50 वर्ष से कम हो।

### सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर, पद: 05 (अनारक्षित-5)

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए):** संबंधित क्षेत्र में पीएचडी हो। कार्यक्षेत्र में 5 से 7 वर्ष का कार्यानुभव हो।

**वेतनमान :** 56,100 से 1,77,500 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

### जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर, पद : 10

**योग्यता :** संबंधित विषय में स्नातकोत्तर हो। पीएचडी वालों को प्राथमिकता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में 3 वर्ष का कार्यानुभव।

**वेतनमान:** 44,900 से 1,42,400 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।

### सीनियर साइंटिफिक असिस्टेंट, पद : 08

**योग्यता :** संबंधित विषय में पीजी की डिग्री हो। या संबंधित विषय में बीई/ बीटेक किया हो। कार्यक्षेत्र में अनुभव हो।

**वेतनमान :** 35,400 से 1,12,400 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम 30 वर्ष से कम हो।

**चयन प्रक्रिया:** लिखित परीक्षा के आधार पर ।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य वर्ग के लिए 1000 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट **(https://www.nfsu.ac.in)** पर जाएं। होमपेज पर सामने ही पट्टी पर अबाउट एनएफएसयू के अंदर करियर के नीचे दिए एडवर्टाइजमेंट पर क्लिक करें।
- नए पेज पर **'Detailed Advertisment Scientific (Regular) Positions (Advt No: NFSU/Scientific Posts/02/2024)'** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन के नीचे दी गई पीडीएफ पर क्लिक करें। इससे नोटिफिकेशन खुल जाएगा। विज्ञापन को अच्छे से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- होमपेज पर वापस आएं। यहां सामने ही ऑनलाइन अप्लाई पर क्लिक करें। नए पेज पर लॉगइन और रजिस्ट्रेशन पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। इसके बाद शुल्क का भुगतान करें और आवेदन पत्र को सब्मिट कर दें।

# सीनियर मेडिकल ऑफिसर समेत 85 पदों पर ऑनलाइन आवेदन करें

कोल इंडिया लिमिटेड के तहत साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (सीईसीएल) ने 85 पदों के लिए अधिसूचना जारी की है। इसमें सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट/ मेडिकल स्पेशलिस्ट और सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक आवेदक स्पीड पोस्ट/डाक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 शाम (पांच बजे) निर्धारित की गई है।

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड (सीईसीएल)

**ध्यान दें**

**85 पद**

- आवेदन शुल्क : किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 11 अप्रैल 2024 शाम (पांच बजे) तक।
- वेबसाइट : https://www.secl-cil.in
- ईमेल आईडी :gmee.secl@coalindia.in
- फोन नंबर : 07752-246336

### सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट/मेडिकल स्पेशलिस्ट

### कुल पद : 58 (अनारक्षित-16)

**इन पदों पर होंगी नियुक्तियां:** सर्जरी, जनरल फिजिसियन/ मेडिसिन/ जीएंडओ/ एनिस्थीसिया/ ऑर्थोपेडिक्स/ पीडियाट्रिक्स/ डर्मेटोलॉजी/ पल्मोनोलॉजी/ चेस्ट स्पेशलिस्ट/ ऑप्थैमोलॉजी/ रेडियोलॉजी/ ईएनटी।

### सीनियर मेडिकल ऑफिसर, पद : 27 (अनारक्षित-7)

**योग्यता (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** एमबीबीएस हो। संबंधित क्षेत्र में पीजी डिग्री या पीजी डिप्लोमा (डीएनबी/डीएम) हो। या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

### वेतनमान

- सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट के लिए 70,000 से 2,00,000 रुपये और अन्य पदों के लिए 60,000 से 1,80,000 रुपये।

### आयु सीमा

- सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट के लिए अधिकतम आयु 42 वर्ष और अन्य पदों के लिए 35 वर्ष हो। आयु सीमा की गणना 31 जनवरी 2024 को आधार मानकर होगी।
- अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग को पांच वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) को तीन वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट होगी।

**चयन प्रक्रिया :** शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव और साक्षात्कार।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट (https://www.secl-cil.in) पर जाएं। होमपेज पर सबसे नीचे स्क्रॉल करें। अदर इंपोर्टेंट लिंक्स सेक्शन में करियर के लिंक पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर करियर सेक्शन में **Notification for Recruitment of Medical Executives in SECL/CIL-2024** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन के लिंक पर क्लिक कर पीडीएफ डाउनलोड कर लें।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। इसको ए-4 साइज के पेपर में प्रिंट आउट निकाल लें। अब आवेदन-पत्र में मांगी गई सभी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज करें। निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट्स, सर्टिफिकेट आदि जरूरी दस्तावेजों की फोटोकॉपी अटैच करें और निर्धारित पते पर भेज दें।

### यहां भेजें आवेदन

- डिप्टी जीएम(पी)/एचओडी(ईई), दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड, बिलासपुर।

# असिस्टेंट प्रोफेसर के 158 पद भरे जाएंगे

दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 158 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत डिजाइन, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग आदि विभागों में नियुक्तियां की जाएंगी। योग्य उम्मीदवार 14 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फिर भरे हुए आवेदन फॉर्म और संबंधित दस्तावेजों को डाक के माध्यम से संस्थान के तय पते पर भेजना होगा, जो 24 अप्रैल 2024 तक पहुंच जाना चाहिए।

**दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू)**

**ध्यान दें**

**158 पद**

- आवेदन शुल्क : सामान्य वर्ग के लिए 1,000 रुपये, ईडब्ल्यूएस वर्ग, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 500 रुपये और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क देय नहीं।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 14 अप्रैल 2024
- डाक से भेजें : 24 अप्रैल 2024
- वेबसाइट : www.dtu.ac.in ■ ईमेल : recruitment@dtu.ac.in

### डिजाइन, पद : 06 (अनारक्षित-01)

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से प्रथम श्रेणी से बीडीईएस और एमडीईएस उत्तीर्ण हो। या

- संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी से बीई/बीटेक और एमडीईएस की डिग्री या समकक्ष योग्यता हो। या
- प्रथम श्रेणी से बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर और मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर की डिग्री या इसके समकक्ष योग्यता हो। या
- किसी भी संकाय से स्नातक हो और पद से संबंधित विषय में दो वर्षीय पीजी/ पीजी डिप्लोमा किया हो।
- पद से संबंधित कार्य में दो वर्ष का अनुभव हो।

### मैनेजमेंट, पद : 27

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से बिजनेस मैनेजमेंट/एडमिनिस्ट्रेशन में प्रथम श्रेणी से पीजी की डिग्री हो। या

- दो वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन मैनेजमेंट हो। या पद से संबंधित ब्रांच में प्रथम श्रेणी से एमटेक/एमई की डिग्री हो। या
- संबंधित ब्रांच में प्रथम श्रेणी से पीजी की डिग्री होनी चाहिए। या प्रथम श्रेणी से स्नातक उत्तीर्ण और चार्टर्ड अकाउंटेंट/कॉस्ट एंड वर्क्स अकाउंटेंट/कंपनी सेक्रेटरी की पढ़ाई की हो।
- पद से संबंधित कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव हो। या यूजीसी नेट की परीक्षा पास की हो।

| | |
|---|---|
| ■ एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग | पद : 10 |
| ■ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी | पद : 13 |
| ■ सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग | पद : 05 |
| ■ इकोनॉमिक्स | पद : 04 |
| ■ बायो-टेक्नोलॉजी | पद : 09 |
| ■ मेकेनिकल इंजीनियरिंग | पद : 34 |
| ■ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | पद : 50 |

**योग्यता :** पद से संबंधित ब्रांच में प्रथम श्रेणी से बीई/बीटेक और एमई/एमटेक की डिग्री या समकक्ष योग्यता हो। या

- संबंधित ब्रांच में बीई/बीटेक के समकक्ष डिग्री हो और संबंधित विषय में पीएचडी की हो। या
- संबंधित विषय में 55% अंकों से एम.एसई की डिग्री हो। और यूजीसी नेट या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो।

**वेतनमान :** 57,700 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।

- अधिकतम आयु सीमा में एससी/एसटी को 05 साल, ओबीसी वर्ग को 03 वर्ष की छूट दी जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- स्क्रीनिंग टेस्ट के आधार पर चयन होगा।
- पीएचडी डिग्रीधारी के न्यूनतम दो जर्नल प्रकाशित हुए हों।

## आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग के लिए 1,000 रुपये, ईडब्ल्यूएस, एससी/ एसटी वर्ग के लिए 500 रुपये और दिव्यांगों के लिए कोई शुल्क नहीं देय होगा।
- शुल्क का भुगतान डिमांड ड्रॉफ्ट के जरिए करना होगा।

## आवेदन प्रक्रिया

- आधिकारिक वेबसाइट (www.dtu.ac.in) पर जाएं। होमपेज पर 'लेटेस्ट न्यूज सेक्शन' के नीचे भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे।
- इनमें से **'Advertisement for recruitment to the post of Assistant Professor in various disciplines'** नाम के भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन के ठीक नीचे 'एडवर्टाइजमेंट' पर क्लिक कर भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें। इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- अब आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं और नोटिफिकेशन के ठीक नीचे 'ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर बायीं ओर नीले रंग की पट्टी 'अप्लाई ऑनलाइन' का विकल्प दिखेगा। इसमें स्टेप-1: 'रजिस्ट्रेशन' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'कैंडिडेट रजिस्ट्रेशन' के नीचे फॉर्म में अपना नाम, ईमेल आईडी, पासवर्ड आदि दर्ज करें। फिर कैप्चा भरकर 'सब्मिट' पर क्लिक कर दें।
- अब आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी और यूजर नेम और पासवर्ड ईमेल और एसएमएस के जरिए आपकी ईमेल आईडी और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर चला जाएगा।
- अब पिछले पेज पर वापस जाकर स्टेप-1: 'रजिस्ट्रेशन' के नीचे स्टेप-2: 'एप्लीकेशन फॉर्म' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'लॉगइन' के नीचे अपनी यूजर आईडी/ एप्लीकेशन आईडी और पासवर्ड दर्ज करें। अब कैप्चा भरकर 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें।
- अब आपका आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। यहां मांगी गईं जानकारियां बारी-बारी से दर्ज करें। भरे हुए आवेदन फॉर्म का प्रिंट निकालकर रख लें और 'सब्मिट' बटन पर क्लिक कर दें।
- अब भरे हुए आवेदन फॉर्म, आवेदन शुल्क का भुगतान कर डिमांड ड्राफ्ट की फोटो कॉपी और शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की फोटो कॉपी को डाक के माध्यम से संस्थान के पते-भर्ती शाखा, दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, शाहबाद दौलतपुर, बवाना रोड, दिल्ली-110042 पर भेज दें।

# प्रोजेक्ट साइंटिस्ट समेत 44 पदों पर होंगी नियुक्तियां

इसरो-एनआरएससी (नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर) ने 44 पदों के लिए रिक्तियां निकाली हैं। इसमें प्रोजेक्ट साइंटिस्ट और रिसर्च साइंटिस्ट के पद शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 08 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### रिसर्च साइंटिस्ट, कुल पद : 20

**योग्यता :** भौतिक/गणित/भूविज्ञान में बीएसएसी हो। या वनस्पति विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान/भूविज्ञान में एमएससी हो। या समकक्ष योग्यता हो।

- इंजीनियरिंग की किसी भी शाखा में बीई/बीटेक हो। या जीआईएस/जियोइंफॉर्मेटिक्स में एमई/एमटेक हो।

**वेतनमान :** 56100 रुपये।
**आयुसीमा :** अधिकतम आयु 28 से 30 वर्ष हो।

### प्रोजेक्ट साइंटिस्ट-I, कुल पद : 06

### प्रोजेक्ट साइंटिस्ट-II, कुल पद : 04

**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** 56000 रुपये।

### प्रोजेक्ट एसोसिएट-I, कुल पद : 02

**वेतनमान :** 31000 रुपये।

### प्रोजेक्ट एसोसिएट-II, कुल पद : 12

**वेतनमान:** 35000 रुपये।
**योग्यता (उपरोक्त पदों के लिए) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से संबंधित क्षेत्र में बीई/ बीटेक की डिग्री या जीआईएस/जियोइंफॉर्मेटिक्स में एमई/एमटेक हो।

- संबंधित क्षेत्र में दो वर्ष का कार्य अनुभव हो।

**आयु सीमा (उपरोक्त पदों के लिए):** अधिकतम 35 वर्ष हो।

## आयु सीमा में छूट

- आयु सीमा की गणना 08 अप्रैल 2024 को आधार मानकर की जाएगी।
- आरक्षित वर्गों को अधिकतम आयु सीमा में छूट केंद्र सरकार द्वारा तय नियमों के अनुसार दिया जाएगा।

## चयन प्रक्रिया

- शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के आधार पर चयनित किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.nrsc.gov.in)** पर जाएं।
- होमपेज पर नीचे की ओर स्क्रॉल करें। यहां अनाउंसमेंट सेक्शन में **Recruitment of various Temporary Research Personnel( Advt. No. NRSC-RMT-2-2024, Dt:18.03.2024)** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर करियर सेक्शन में **Recruitment of various Temporary Research Personnel** लिंक पर क्लिक करें।
- अब नोटिफिकेशन को डाउनलोड कर लें और इसे ध्यानपूर्वक पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं और अप्लाई ऑनलाइन लिंक पर क्लिक करें। नए पेज पर 'न्यू यूजर' पर क्लिक करें।
- अब साइन अप के नीचे मांगी गई जानकारी ईमेल, पासवर्ड और कैप्चा दर्ज करें। उसी पेज पर नीचे दिए लॉगइन के विकल्प पर क्लिक करें।
- अब खुलने वाले पेज पर साइन इन के नीचे ईमेल, पासवर्ड, कैप्चा भरकर लॉगइन करें। इससे आवेदन पत्र खुल जाएगा।
- अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारियां एक-एक कर दर्ज करें। साथ ही शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, हस्ताक्षर, पासपोर्ट साइज फोटो आदि अपलोड करें। इससे आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
- अंत में आवेदन पत्र सब्मिट करने से पहले इसका एक प्रिंटआउट निकालकर भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

# सीनियर मेडिकल ऑफिसर समेत 34 पदों पर रिक्तियां

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने 34 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए है। इसमें सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट, मेडिकल स्पेशलिस्ट, सीनियर मेडिकल ऑफिसर के पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा। नोटिफिकेशन में दिए गए पते पर आवेदन-पत्र स्पीड पोस्ट/डाक के माध्यम से भेजना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है।

### सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट, पद : 12 (अनारक्षित-2)

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की ब्योरा)**

| | |
|---|---|
| ■ सर्जन | पद : 04 |
| ■ मेडिसिन | पद : 03 |
| ■ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी | पद : 02 |
| ■ एनिस्थीसिया | पद : 01 |
| ■ पीडियाट्रिशियन | पद : 02 |

**वेतनमान :** 70,000 रुपये से 2,00,000 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए।

### मेडिकल स्पेशलिस्ट, कुल पद : 14 (अनारक्षित-05)

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की ब्योरा)**

| | |
|---|---|
| ■ साइकेट्रिस्ट | पद : 01 |
| ■ पैथोलॉजिस्ट | पद : 02 |
| ■ डर्मेटोलॉजिस्ट | पद : 01 |
| ■ पल्मोलॉजिस्ट/ चेस्ट स्पेशलिस्ट | पद : 01 |
| ■ ऑप्थैमोलॉजिस्ट | पद : 03 |
| ■ ईएनटी | पद : 03 |
| ■ रेडियोलॉजिस्ट | पद : 03 |

**वेतनमान :** 60,000 रुपये से 1,80,000 रुपये।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।
**योग्यता (उपरोक्त पदों के लिए) :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री हो। साथ ही पीजी एवं डीएनबी/पीजी डिप्लोमा हो।

### सीनियर मेडिकल ऑफिसर,पद : 08(अनारक्षित-03)

**(कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की ब्योरा)**

| | |
|---|---|
| ■ जीडीएमओ | पद : 05 |
| ■ डेंटिस्ट | पद : 03 |

**वेतनमान :** 60,000 से लेकर 1,80,000 रुपये तक।
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष हो।
**योग्यता (उपरोक्त पदों के लिए) :** एमबीबीएस/ बीडीएस की डिग्री हो। साथ ही एक वर्ष का कार्यानुभव हो।

## आयु सीमा में छूट

- अधिकतम आयु में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग को 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) को 3 वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- आयु सीमा की गणना 31 जनवरी 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

## चयन प्रक्रिया

- शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव और साक्षात्कार के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।
**जरूरी दस्तावेज :** शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, पहचान पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार पंजीयन प्रमाण-पत्र।

## आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहलेसंस्थान की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.nclcil.in/)** पर जाएं।
- दाई ओर मेन्यू बार पर क्लिक करें। इसके अंदर दिए गए करियर सेक्शन में रिक्रूटमेंट पर क्लिक करें।
- खुलने वाले पेज पर **Employment Notification for Direct Recruitment of Medical Executives in NCL/CIL** में चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती के संबंध में रोजगार अधिसूचना नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखाई देगा।
- नोटिफिकेशन का पीडीएफ डाउनलोड कर लें। आवेदन करने से पूर्व इसे अच्छी तरह पढ़कर योग्यता जांच लें।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही आवेदन पत्र का प्रारूप दिया गया है। आवेदन पत्र में मांगी गई सभी शैक्षणिक एवं व्यक्तिगत जानकारियां दर्ज करें। निर्धारित स्थान पर पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं।
- आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट्स, सर्टिफिकेट आदि जरूरी दस्तावेजों की फोटोकॉपी अटैच करें और निर्धारित पते पर भेज दें।

### यहां भेजें आवेदन

डिप्टी जनरल मैनेजर कार्यालय (पर्सनल/ रिक्रूटमेंट), रिक्रूटमेंट डिपार्टमेंट, एनसीएल हेडक्वार्टर, सिंगरौली, मध्य प्रदेश, पिन कोड : 486889

# कांस्टेबल के 11749 पदों पर नियुक्तियां

पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी) ने कांस्टेबल (पुरुष-महिला) के 11749 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसमें 8212 पद पुरुषों और 3537 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। इस भर्ती परीक्षा में पश्चिम बंगाल राज्य के स्थायी निवासी ही आवेदन के लिए पात्र होंगे। इसमें थर्ड जेंडर के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी डब्ल्यूबीपीआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 अप्रैल 2024 (रात 11:59 बजे तक) निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी नोटिफिकेशन जरूर देखें...

### कांस्टेबल (पुरुष), कुल पद : 8212

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- सामान्य वर्ग पद : 840
- सामान्य वर्ग (ईसी) पद : 1007
- सामान्य वर्ग (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 672
- सामान्य वर्ग (एक्स-सर्विसमैन) पद : 336
- सामान्य वर्ग (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 672
- सामान्य वर्ग (स्पोर्ट्स कोटा) पद : 168
- ईडब्ल्यूएस पद : 588
- ईडब्ल्यूएस (ईसी) पद : 233
- अनुसूचित जाति पद : 672
- अनुसूचित जाति (ईसी) पद : 547
- अनुसूचित जाति (एनवीएफ एंड एचजी), पद : 252
- अनुसूचित जाति (एक्स-सर्विसमैन) पद : 84
- अनुसूचित जाति (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 252
- अनुसूचित जनजाति पद : 168
- अनुसूचित जनजाति (ईसी) पद : 157
- अनुसूचित जनजाति (एनवीएफ एंड एचजी), पद : 84
- अनुसूचित जनजाति (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 84
- ओबीसी-ए पद : 252
- ओबीसी-ए (ईसी) पद : 233
- ओबीसी-ए (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 168
- ओबीसी-ए (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 168
- ओबीसी-बी पद : 252
- ओबीसी-बी (ईसी) पद : 155
- ओबीसी-बी (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 84
- ओबीसी-बी (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 84

### कांस्टेबल (महिला), कुल पद : 3537

**(वर्गों के अनुसार रिक्त पदों का ब्योरा)**

- सामान्य वर्ग पद : 360
- सामान्य वर्ग (ईसी) पद : 440
- सामान्य वर्ग (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 288
- सामान्य वर्ग (एक्स-सर्विसमैन) पद : 144
- सामान्य वर्ग (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 288
- सामान्य वर्ग (स्पोर्ट्स कोटा) पद : 72
- ईडब्ल्यूएस पद : 252
- ईडब्ल्यूएस (ईसी) पद : 101
- अनुसूचित जाति पद : 288
- अनुसूचित जाति (ईसी) पद : 238
- अनुसूचित जाति (एनवीएफ एंड एचजी), पद : 108
- अनुसूचित जाति (एक्स-सर्विसमैन) पद : 36
- अनुसूचित जाति (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 108
- अनुसूचित जनजाति पद : 72
- अनुसूचित जनजाति (ईसी) पद : 68
- अनुसूचित जनजाति (एनवीएफ एंड एचजी), पद : 36
- अनुसूचित जनजाति (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 36
- ओबीसी-ए पद : 108
- ओबीसी-ए (ईसी) पद : 102
- ओबीसी-ए (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 72
- ओबीसी-ए (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 72
- ओबीसी-बी पद : 108
- ओबीसी-बी (ईसी) पद : 68
- ओबीसी-बी (एनवीएफ एंड एचजी) पद : 36
- ओबीसी-बी (सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स) पद : 36

## पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी)

**ध्यान दें**
**11749 पद**

- आवेदन शुल्क : 170 रुपये। पश्चिम बंगाल राज्य के एससी/ एसटी वर्ग के लिए 20 रुपये।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 05 अप्रैल 2024 (रात 11:59 बजे तक)
- आवेदन-पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 08 से 14 अप्रैल 2024
- वेबसाइट : https://wbpolice.gov.in
- ई-मेल आईडी : policewb@gmail.com

**योग्यता :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

- अभ्यर्थी को बंगाली भाषा लिखना, पढ़ना और बोलना आना चाहिए।

**वेतनमान :** चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार वेतन मिलेगा।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 18 और अधिकतम 30 वर्ष से कम हो।

- अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/ अनुसचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को 5 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग-ए और अन्य पिछड़ा वर्ग-बी के उम्मीदवारों को 3 वर्ष, थर्ड जेंडर/ ट्रांसजेंडर वर्ग के सिविक वॉलेंटियर्स/ विलेज पुलिस वॉलेंटियर्स को 5 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

- लिखित परीक्षा, शारीरिक मानक परीक्षण (पीएमटी) और शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में सफल उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा बहुविकल्पीय प्रकार की होगी। यह परीक्षा दो भाषाओं बंगाली/ नेपाली में होगी। इसके लिए 85 अंक निर्धारित किए गए हैं।
- परीक्षा में जनरल अवेयरनेस और जनरल नॉलेज के प्रश्न 25 अंकों के, अंग्रेजी के प्रश्न 10 अंकों के, एलिमेंट्री मैथमेटिक्स (माध्यमिक स्टैंडर्ड) के प्रश्न 25 अंकों के और रीजनिंग एंड लॉजिकल एनालिसिस के प्रश्न 25 अंकों के होंगे।
- परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा, जो 15 अंकों का होगा। इंटरव्यू में बंगाली/ नेपाली भाषा लिखने, पढ़ने और बोलने के ज्ञान को आंका जाएगा।

### शारीरिक मापदंड

- **पुरुष :** लंबाई न्यूनतम 167 सेंटीमीटर, वजन न्यूनतम 57 किलोग्राम, छाती न्यूनतम 78 सेंटीमीटर और फुलाने पर 83 सेंटीमीटर यानी 5 सेंटीमीटर ज्यादा हो।
- **गोरखा, गढ़वाली, राजबंशी और अनुसूचित जनजाति के पुरुषों के लिए :** लंबाई न्यूनतम 160 सेंटीमीटर, वजन न्यूनतम 53 किलोग्राम, छाती न्यूनतम 76 सेंटीमीटर और फुलाने पर 81 सेंटीमीटर यानी 5 सेंटीमीटर ज्यादा हो।
- **महिला :** लंबाई न्यूनतम 160 सेंटीमीटर और वजन न्यूनतम 49 किलोग्राम होना चाहिए।
- **गोरखा, गढ़वाली, राजबंशी और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए :** लंबाई न्यूनतम 152 सेंटीमीटर और वजन न्यूनतम 45 किलोग्राम होना चाहिए।
- **थर्ड जेंडर :** लंबाई न्यूनतम 163 सेंटीमीटर और वजन न्यूनतम 52 किलोग्राम होना चाहिए।
- **गोरखा, गढ़वाली, राजबंशी और अनुसूचित जनजाति के थर्ड जेंडर के लिए :** लंबाई न्यूनतम 155 सेंटीमीटर और वजन न्यूनतम 48 सेंटीमीटर होना चाहिए।

### शारीरिक दक्षता

- **दौड़ :** पुरुष अभ्यर्थियों को 6 मिनट 30 सेकंड में 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी।
- महिलाओं को 4 मिनट में, थर्ड जेंडर को 3 मिनट 30 सेकंड में 800 मीटर की दौड़ पूरी करनी होगी।

### आवेदन शुल्क

- पश्चिम बंगाल के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 20 रुपये।
- पश्चिम बंगाल के अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 170 रुपये निर्धारित है।
- शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ कैश कार्ड/ मोबाइल वॉलेट और इंटरनेट बैंकिंग के जरिए ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले अभ्यर्थी पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी) की आधिकारिक वेबसाइट पर (https://wbpolice.gov.in) जाएं।
- होमपेज पर सामने ही भूरे रंग की पट्टी पर कई विकल्प दिखाई देंगे। इनमें से 'रिक्रूटमेंट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सामने ही भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिए गए हैं। इनमें से 07/03/2024 के तहत **Recruitment to the post of Constables in West Bengal Police 2024** नाम से भर्ती से संबंधित विज्ञापन दिखाई देगा। इसके सामने 'गेट डिटेल्स' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सामने ही क्रम संख्या- 3 पर 'इन्फॉर्मेशन टू अप्लीकेंट्स' के आगे 'गेट डिटेल्स' पर क्लिक करें। अब नए पेज पर भर्ती से संबंधित विज्ञापन का पीडीएफ खुल जाएगा। अभ्यर्थी विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं। यहां 'फिल अप द अप्लीकेशन फॉर्म ऑनलाइन' के सामने 'गेट डिटेल्स' पर क्लिक करें। नए पेज पर सामने ही दाईं ओर 'लॉगइन' का विकल्प दिखाई देगा। इस पर क्लिक कर दें।
- नए पेज पर सामने ही 'ऑलरेडी हैव एन अकाउंट लॉगइन' और 'आर यू ए न्यू यूजर' का विकल्प आपको दिखाई देगा। रजिस्ट्रेशन करने के लिए 'आर यू ए न्यू यूजर' पर क्लिक करें।
- नए वेबपेज पर रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी जैसे - नाम, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर आदि दर्ज कर सब्मिट कर दें। रजिस्ट्रेशन के दौरान दिए गए मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर आपको यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- अब पिछले पेज पर वापस आएं। यहां 'ऑलरेडी हैव एन अकाउंट लॉगइन' का विकल्प दिखाई देगा। यहां रजिस्ट्रेशन के दौरान प्राप्त यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज कर लॉगइन कर लें।
- अब नए पेज पर आवेदन-पत्र खुल जाएगा। अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी जैसे- नाम, पता, जाति, योग्यता से संबंधित विवरण आदि दर्ज करें। इसके बाद आवेदन-पत्र में मांगे गए दस्तावेज, पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें।
- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर की फाइल का आकार 5 केबी से 20 केबी के बीच होना चाहिए। भरे गए आवेदन-पत्र को अभ्यर्थी एक बार अच्छी तरह से जांच लें। अब निर्देशानुसार शुल्क का भुगतान कर दें और अंत में आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें।
- आवेदन-पत्र को सब्मिट करने से पहले उसका एक प्रिंट निकालकर अपने पास भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

### अधिक जानकारी यहां

**हेल्पलाइन नंबर :** 033-24794035, 24794036

# प्रशासनिक अधिकारी के 100 पद भरे जाएंगे

भारत सरकार द्वारा संचालित ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (ओआईसीएल), दिल्ली ने प्रशासनिक अधिकारी के 100 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती अभियान के तहत अकाउंट्स, इंजीनियरिंग (आईटी) और मेडिकल ऑफिसर समेत अन्य पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2024 है।

### अकाउंट्स, कुल पद : 20

**योग्यता :** 60% (एससी/ एसटी वर्ग के लिए 55%) अंकों के साथ बीकॉम या फाइनेंस से एमबीए की डिग्री हो। या

- आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंटेंट की पढ़ाई की हो।

### एक्चुएरियल, कुल पद : 05

**योग्यता :** 60% (एससी/ एसटी वर्ग के लिए 55 %) अंकों के साथ स्टेटिस्टिक्स/ एक्चुएरियल साइंस में स्नातक हो। या

- स्टेटिस्टिक्स/ मैथमेटिक्स/ एक्चुएरियल साइंस या किसी अन्य क्वांटिटेटिव डिसिपलिन में स्नातकोत्तर डिग्री हो।

### इंजीनियरिंग, कुल पद : 15

**योग्यता :** 60% (एससी/ एसटी वर्ग के लिए 55%) अंकों के साथ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी/ कंप्यूटर साइंस/ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में बीई/ बीटेक की डिग्री हो।

### इंजीनियरिंग (आईटी), कुल पद : 20

**योग्यता :** 60% (एससी/ एसटी वर्ग के लिए 55%) अंकों के साथ ऑटोमोबाइल/ मेकेनिककल/ इलेक्ट्रिकल/ सिविल/ केमिकल/ पावर/ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक हो।

### मेडिकल ऑफिसर, कुल पद : 20

**योग्यता :** एमबीबीएस/ बीडीएस की डिग्री हो। साथ नेशनल मेडिकल कमीशन में वैध पंजीकरण होना चाहिए।

### लीगल, कुल पद : 20

**योग्यता :** 60% (एससी/ एसटी वर्ग के लिए 55 %) अंकों के साथ कानून (विधि) में स्नातक की डिग्री हो।

**वेतनमान :** 50,925 रुपये से 96,765 रुपये।

**आयु सीमा :** न्यूनतम 21 और अधिकतम 30 वर्ष से कम हो।

- आयु की गणना 31 दिसंबर 2023 के आधार पर होगी।

### चयन प्रक्रिया

- लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन होगा।

**आवेदन शुल्क :** 1000 रुपये। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग और दिव्यांगों के लिए 250 रुपये।

- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले वेबसाइट **https://orientalinsurance.org.in** पर जाएं। होमपेज पर 'मिसलेनियस' के ठीक नीचे 'करियर' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सबसे ऊपर **Advertisement of Direct Recruitment of Administrative Officer Exercise 2023-24** नाम से नोटिफिकेशन दिखाई देगा।
- नोटिफिकेशन के नीचे ही 'डाउनलोड एडवर्टाइजमेंट' पर क्लिक करें। नए पेज पर विज्ञापन खुल जाएगा। अभ्यर्थी इसे अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- पिछले पेज पर वापस आएं। 'लॉगइन' के विकल्प पर क्लिक करें। इससे 'रजिस्टर' और 'लॉगइन' का विकल्प दिखेगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 'रजिस्टर' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर रजिस्ट्रेशन से संबंधित जानकारी दर्ज कर सब्मिट कर दें। इसके साथ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। इस दौरान दिए गए मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी पर आपको यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- पिछले पेज पर वापस आएं। सामने 'लॉगइन' का विकल्प दिखाई देगा। यहां यूजर आईडी और पासवर्ड डालकर लॉगइन करें। नए पेज पर आवेदन-पत्र खुल जाएगा।
- अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी दर्ज करें। इसके बाद दस्तावेज, फोटोग्राफ आदि अपलोड कर दें।
- अब शुल्क का भुगतान कर आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें।

## लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (एलएमआरसी)

# तीन स्तरीय अध्ययन योजना से तार्किक क्षमता होगी मजबूत





**अधिकांश युवा मेट्रो रेल में नौकरी करना चाहते हैं। अब उनकी यह ख्वाहिश जल्द ही पूरी होगी। दरअसल, लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एलएमआरसी) ने एग्जिक्यूटिव और नॉन एग्जिक्यूटिव कैटेगरी के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इसकी लिखित परीक्षा 11, 12 और 14 मई 2024 को लखनऊ, कानपुर समेत कई जिलों में होगी। अभ्यर्थियों के पास तैयारी के लिए एक माह से अधिक का समय है। इस परीक्षा में सफल होने के लिए समय प्रबंधन, सटीकता और गति पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत होती है। दैनिक, साप्ताहिक और मासिक तीन स्तरीय अध्ययन योजना बनाकर आप इस परीक्षा में सफलता हासिल कर सकते हैं।**

## चयन प्रक्रिया

- कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) और मेडिकल टेस्ट के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।
- स्टेशन नियंत्रक और कस्टमर रिलेशन असिस्टेंट पद के लिए साइको एप्टीट्यूड टेस्ट भी होगा।

## परीक्षा का प्रारूप

- नॉन एग्जिक्यूटिव कैटेगरी की परीक्षा (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) 100 अंकों की होगी, जिसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- एग्जिक्यूटिव कैटेगरी की परीक्षा (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) 140 अंकों की होगी, जिसमें 140 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षा में सामान्य जागरुकता, अंग्रेजी, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, तार्किक क्षमता से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षा की समय अवधि 2 घंटे की होगी और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/4 अंकों की कटौती की जाएगी।
- परीक्षा में प्रश्न-पत्र हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में होंगे।

## पाठ्यक्रम

- **अंग्रेजी भाषा :** ग्रामर, सेंटेंस स्ट्रक्चर, डायरेक्ट एंड इनडायरेक्ट स्पीच, एक्टिव एंड पैसिव वॉइस, एरर आइडेंटिफिकेशन, फिल इन द ब्लैंक्स, वोकेबलरी, स्पेलिंग, सिनोनिम्स, एंटोनिम्स, सेंटेंस कम्पलीशन, वर्ब, वन वर्ड सब्सटीट्यूशन, क्लॉसेस, करेक्शन, एडजेक्टिव्स, आइडियोमैटिक यूज ऑफ फ्रेसेज एंड वर्ड, कॉम्प्रिहेंशन।
- **सामान्य जागरुकता :** करंट अफेयर्स का ज्ञान, सामयिकी, भारत और विश्व से जुड़े पर्यावरणीय मुद्दे, सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, भारत और उसके पड़ोसी देश, स्वतंत्रता संग्राम सहित भारत की संस्कृति और इतिहास, भारतीय भूगोल, आर्थिक दृश्य, भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य राजव्यवस्था, भारतीय राजनीति और संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान, लेखक, अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगठन, बजट, पुरस्कार।
- **तार्किक क्षमता :** सिमेंटिक सादृश्य, प्रतीकात्मक/संख्या सादृश्य, चित्र सादृश्य, शब्दार्थ वर्गीकरण, प्रतीकात्मक/संख्या वर्गीकरण, चित्रात्मक वर्गीकरण, सिमेंटिक सीरीज, संख्या श्रृंखला, चित्रात्मक श्रृंखला, समस्या को सुलझाना, शब्दों का भवन, कोडिंग और डिकोडिंग, संख्यात्मक संचालन, प्रतीकात्मक संचालन, अंतरिक्ष उन्मुखीकरण, अंतरिक्ष विजुअलाइजेशन, वैन डायग्राम, निष्कर्ष निकालना।
- **क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड :** संख्या प्रणाली, बोडमास, लघुत्तम और महत्तम, पूर्ण संख्याएं, दशमलव, भिन्न और संख्याओं के बीच संबंध, प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, वर्गमूल, औसत, दिलचस्पी, लाभ और हानि, छूट, साझेदारी व्यवसाय, समय और दूरी, कार्य और समय, सरल और चक्रवृद्धि ब्याज, बीजगणित, रैखिक समीकरणों के रेखांकन, त्रिभुज, वृत्त, स्पर्शरेखा, आंकड़े, टेबल्स और ग्राफ।
- **अध्ययन विषय का ज्ञान :** यह आमतौर पर उस विषय या अध्ययन के क्षेत्र की गहरी समझ को संदर्भित करता है, जिसका आप उल्लेख कर रहे हैं। उदाहरण के लिए यदि आप भौतिकी का अध्ययन कर रहे हैं, तो अनुशासन के ज्ञान में भौतिकी के मूल सिद्धांतों, सिद्धांतों और अवधारणाओं को समझने के साथ क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान और विकास से परिचित होना शामिल होगा।

## इन केंद्रों में होगी परीक्षा

- आगरा, अलीगढ़, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नोएडा, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, बस्ती और सीतापुर आदि।

## ऐसे करें तैयारी

- **पाठ्यक्रम देखकर टाइम-टेबल बनाएं :** सबसे पहले पाठ्यक्रम देखें और उसके मुताबिक अपने लिए टाइम टेबल बनाएं। किस क्षेत्र में ज्यादा समय लगेगा और कौन सा क्षेत्र आप आसानी से तैयार कर सकते हो, उस हिसाब से अपने लिए पढ़ाई का टाइम-टेबल सेट करें। आपको कब तक अपना पाठ्यक्रम खत्म कर लेना है, कितने दिन अभ्यास के लिए बचाने हैं, रिवीजन कब होगा, इसका भी खाका पहले ही खींच लें।
- **स्टडी मटेरियल कलेक्ट करें :** पाठ्यक्रम देखने के बाद अपने लिए रिसर्च करके और चुनकर स्टडी मटेरियल इकट्ठा करें। इसमें कंफ्यूज न हों और कंफ्यूजन बढ़े तो किसी सीनियर या टीचर से इस बारे में बात कर लें। बहुत सारा स्टडी मटेरियल देखकर आप केवल परेशान होंगे, इसलिए बेहतर होगा कि चुनिंदा किताबें, नोट्स, टेस्ट पेपर वगैरह ही खरीदें और उनसे ही परीक्षा की तैयारी करें।
- **इंटरनेट और यूट्यूब का लें सहारा :** इंटरनेट पर हजारों किताबें, पेपर, मॉक टेस्ट उपलब्ध हैं। इसके साथ ही इंटरनेट के जरिए करंट अफेयर्स, रीजनिंग की तैयारी कर सकते हैं। यूट्यूब पर विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध करवाए गए वीडियोज देखकर भी अपनी तैयारी कर सकते हैं। यूट्यूब में काफी कम रुपयों में कोर्स भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसमें विशेषज्ञ लाइव क्लास भी लेते हैं।
- **अपने नोट्स बनाएं :** जिन किताबों से आप तैयारी कर रहे हैं, इसके साथ इंटरनेट या यूट्यूब से जो जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं, उनके नोट्स भी बना लें। नोट्स के जरिए आपको वही चीजें पढ़ने के लिए बार-बार खोजनीं नहीं पड़ेगी। वह सामग्री आपको आसानी से उपलब्ध हो जाएगी। इससे आपके समय की भी बचत होगी।
- **परीक्षा-पत्र के पैटर्न को समझें :** उम्मीदवार को परीक्षा-पत्र के पैटर्न को समझना बहुत जरूरी है। पाठ्यक्रम का कौन सा हिस्सा कितने अंक कवर करता है, इसकी जानकारी आपको होनी चाहिए। इससे आप यह तय कर पाएंगे कि कौन सा हिस्सा आपके लिए आसान साबित होगा और कौन सा मुश्किल है।
- **पुराने पेपर से अभ्यास करें :** अभ्यर्थियों को चाहिए कि वह मेट्रो रेल भर्ती के पिछले वर्षों के पेपर को हल करने का अभ्यास करें। इससे आप यह जान पाएंगे कि अभी आपकी स्थिति क्या है। पुराने पेपर को हल करने से आपको पेपर का पैटर्न, किन अध्यायों से अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं, किस विषय में आपको ज्यादा अभ्यास करने की जरूरत है, इसकी जानकारी भी मिल जाती है।
- **मॉक टेस्ट पेपर को हल करें :** परीक्षा के लिए आपकी तैयारी कैसी हुई है, इसका जवाब मॉक टेस्ट पेपर के जवाबों से मिल जाता है। मॉक टेस्ट पेपर को हल करने की आदत डालें। यह पेपर बताता है कि आपकी तैयारी में कितने सुधार की जरूरत है। यह भी समझ आ जाता है कि सवालों को तय समय सीमा में हल कर पा रहे हैं या नहीं।
- **नियमित रिवीजन करें :** मेट्रो रेल की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उम्मीदवार को सभी महत्वपूर्ण विषयों को ठीक से दोहराना चाहिए और सभी सेक्शन में नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए। उम्मीदवारों के पास अपनी तैयारी को बढ़ावा देने और उसका आकलन करने के लिए साप्ताहिक और मासिक लक्ष्य होना चाहिए।
- **अध्ययन योजना बनाएं :** उम्मीदवारों को दैनिक, साप्ताहिक और मासिक आधार पर अध्ययन योजना बनानी चाहिए। इससे उन्हें परीक्षा को आसानी से पास करने में मदद मिलेगी। उम्मीदवार को सबसे पहले विषय में अपनी कमजोरियों को पहचानना चाहिए और उसके अनुसार अध्ययन तालिका बनानी चाहिए।

## ये टिप्स भी अपनाएं

- मेट्रो रेलवे की परीक्षा में करंट अफेयर्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए अपने रुटीन में डेली न्यूज पेपर (समाचार पत्र) अवश्य पढ़ें।
- रात में भरपूर नींद और दिन में पर्याप्त आहार अवश्य लें। इससे आप स्वस्थ महसूस करेंगे, जो आपकी तैयारी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।
- अगर पढ़ने में मन न लग रहा हो, तो जबरदस्ती पढ़ाई न करें। बीच-बीच में संगीत सुनकर या फिल्म देखकर खुद को तरोताजा रख सकते हैं।
- परीक्षा की तैयारी के समय सोशल मीडिया से जितना हो सके दूर रहें।

## इन पुस्तकों का अध्ययन करें

- ऑब्जेक्टिव जनरल इंग्लिश : एसपी बख्शी
- इंग्लिश ग्रामर एंड कम्पोजिशन : रेन एंड मार्टिन
- सामान्य ज्ञान : लुसेंट प्रकाशन
- मौखिक और गैर मौखिक तर्क : आरएस अग्रवाल
- क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड : आरएस अग्रवाल

# टेक्निशियन बनने के लिए मुख्य विषय पर अधिक फोकस करें

देश में आज भी अधिकांश युवा सरकारी नौकरी पाने की ख्वाहिश रखते हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार में सरकारी नौकरियों का अलग ही क्रेज है। सरकारी नौकरी पाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। दरअसल, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड (बीएसपीएचसीएल) ने टेक्निशियन पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। यदि 10वीं के साथ आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन ट्रेड) किया है तो आप भी टेक्निशियन बनकर बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी में अपना करियर संवार सकते हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा भी होती है। यह परीक्षा (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) मई/ जून 2024 में प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों के पास तैयारी के लिए अभी भी एक माह से अधिक का समय है। मुख्य विषय (इलेक्ट्रिशियन) पर फोकस कर आप इस परीक्षा में सफल हो सकते हैं।

## बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड



### पाठ्यक्रम

- **सामान्य ज्ञान** : करंट अफेयर्स (राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय), भारतीय इतिहास, भारतीय भूगोल, भारतीय राजव्यवस्था, विज्ञान प्रौद्योगिकी।
- **तार्किक तर्क** : उपमा, समानताएं, समस्या को सुलझाना, संबंध अवधारणाएं, अंतरिक्ष विज़ुअलाइज़ेशन, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, अंकगणितीय तर्क।
- **सामान्य हिंदी** : व्याकरण. शब्दावली, समझ, रिक्त स्थान भरें, गलती पहचानना, विलोम शब्द, समानार्थी शब्द, वाक्यांश/ मुहावरे आदि।
- **सामान्य अंग्रेजी** : सिनोनिम्स, एंटोनिम्स, वन वर्ड सब्सटीट्यूशन, एरर, डिटेक्शन, ईडियम्स एंड फ्रेजेज, पैसेज कॉम्प्रिहेंशन।

### कंप्यूटर की सामान्य जानकारी

- **कंप्यूटर के मूल तत्व** : सीपीयू, मेमोरी, हार्ड डिस्क, इनपुट/ आउटपुट डिवाइस, संख्या का ज्ञान, सिस्टम।
- **कंप्यूटर की मूल अवधारणा (हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर)** : कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, कंप्यूटर भाषा।
- **एमएस ऑफिस का बुनियादी ज्ञान** : एमएस वर्ड, एमएस एक्सेल, एमएस पावर प्वाइंट।
- **इंटरनेट** : वेब ब्राउजर, ईमेल, सर्च इंजन, वेब सर्वर।
- **कंप्यूटर नेटवर्क** : लैन, वैन, मोडम।
- **साइबर सिक्योरिटी** : वायरस, मैलवेयर आदि, वार्म, इंटरनेट सेक्युरिटी, नेटवर्क सेक्युरिटी, फायरवॉल।
- **इलेक्ट्रिशियन** : एसी मशीन वाइंडिंग, अल्टरनेटर, सर्किट ब्रेकर, डीसी ड्राइव, डीसी मशीन वाइंडिंग, घरेलू उपकरण, लाइट, औद्योगिक वायरिंग, मशीन नियंत्रण कैबिनेट/ नियंत्रण पैनल लेआउट, एसेंबली और वायरिंग, विद्युत उत्पादन, सिंगल फेज इंडक्शन मोटर, सिंक्रोनस मोटर, थर्मल, जल विद्युत, परमाणु, थ्री फेज इंडक्शन मोटर, ट्रांसफॉर्मर वाइंडिंग, ट्रांसमिशन ऑफ इलेक्ट्रिकल पॉवर, वीडब्ल्यूएफ/ एसी ड्राइव, भूमिगत केबलिंग।

### जरूरी सूचना

- उम्मीदवार नियमित रूप से आधिकारिक वेबसाइट **www.bsphcl.co.in** पर नजर रखें।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा की तिथि के बारे में ईमेल और एसएमएस के जरिए सूचित किया जाएगा।
- बीएसपीएचसीएल की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड को डाउनलोड करना होगा।
- एडमिट कार्ड डाक द्वारा नहीं भेजा जाएगा।
- चयनित उम्मीदवारों का प्रोबेशन पीरियड दो वर्ष का होगा।

## परीक्षा की ऐसे करें तैयारी

### परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी हो

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करने से पहले परीक्षा के पाठ्यक्रम और पैटर्न को जानना बहुत जरूरी होता है। इससे आपको अपनी तैयारी की रणनीति बनाने में मदद मिलती है। अंकन योजना, परीक्षा की अवधि, पूछे गए प्रश्नों के प्रकार और प्रत्येक सेक्शन के महत्व के बारे में पता होना चाहिए।

### अध्ययन योजना बनाएं

योजना के साथ पढ़ाई का मतलब है कि आप अपने हिसाब से पाठ्यक्रम और समय को देखकर योजना बनाएं कि आपको कितने समय में और किस तरह से पढ़ाई करनी है। पाठ्यक्रम के कौन से विषय आपके अच्छे हैं, और कौन से कमजोर हैं। किसमें आपको ज्यादा समय देना होगा और किस विषय में कम। इस तरह से सभी चीजों का ध्यान रखते हुए योजना के साथ पढ़ाई करने से परीक्षा में आपके सफलता होने का संभावना बढ़ जाती है।

### समय सारणी बनाकर पढ़ाई करें

अभ्यर्थियों को नियमित रूप से एक समय सारणी बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। समय सारणी से मतलब है कि सभी विषयों के लिए एक अच्छा समय निर्धारित करना कि जिस वक्त आप अच्छी तरह उस विषय को पढ़ पाएं। अतः इस तरह एक रुटीन बनाकर पढ़ाई करने से उम्मीदवारों का पाठ्यकम पूरा हो जाएगा।

### अपने नोट्स बनाएं

पढ़ाई के दौरान नोट्स बनाना जानकारी को बनाए रखने और परीक्षा की तैयारी में अहम भूमिका निभाता है। यह आपको अध्ययन सामग्री व्यवस्थित करने, समय बचाने और महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद कर सकता है।

### पिछले वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करें

परीक्षा की तैयारी का एक अच्छा तरीका यह भी है कि अभ्यर्थी पिछले वर्ष के प्रश्न-पत्रों को हल करें। इससे अभ्यास होगा और साथ ही परीक्षा का अंदाजा हो जाता है कि किस तरह के प्रश्न पूछे जाते हैं और किन विषयों से ज्यादा प्रश्न पूछे जाते हैं। कमजोर बिंदुओं और टाइम मैनेजमेंट स्किल का अंदाजा लगाने में भी मदद मिलती है। इसके अलावा प्रश्न को हल करने की गति और सटीकता में सुधार होता है।

### नियमित रिवीजन करें

नियमित रिवीजन परीक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सभी विषयों के नोट्स का समय-समय पर रिवीजन फायदेमंद साबित होगा। परीक्षा की तैयारी के अंतिम चरण में उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे कोई भी नया विषय चुनने से बचें, क्योंकि इससे भ्रम और तनाव पैदा हो सकता है।

### मॉक टेस्ट का अभ्यास करें

किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए सबसे अच्छे तरीकों में से एक मॉक टेस्ट का अभ्यास करना है। मॉक टेस्ट आपको परीक्षा पैटर्न, पूछे गए प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा को निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए आवश्यक समय प्रबंधन कौशल को समझने में मदद करता है। परीक्षा से पहले जितना संभव हो उतना मॉक टेस्ट का अभ्यास करें।

### वैचारिक स्पष्टता जरूरी

परीक्षा में सफलता पाने के लिए बुनियादी अवधारणाओं और बुनियादी सिद्धांतों की मजबूत नींव बनाना जरूरी है। गणित और तर्कशक्ति जैसे विषयों में जटिल प्रश्नों को समझने के लिए बुनियादी अवधारणाओं में एक मजबूत आधार की आवश्यकता होती है। इससे आपको समस्याओं को कुशलतापूर्वक और प्रभावी ढंग से हल करने और गलतियों से बचने में मदद मिलती है।

### टाइम मैनेजमेंट जरूरी

परीक्षा पास करने के लिए समय प्रबंधन एक महत्वपूर्ण पहलू है। निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नों को हल करने का अभ्यास करें। इससे आपको परीक्षा के दौरान अपना समय बेहतर ढंग से प्रबंधित करने, गति और सटीकता में सुधार करने, परीक्षा की चिंता को कम करने में मदद मिलती है।

### करेंट अफेयर्स पर ध्यान दें

परीक्षा आपके करंट अफेयर्स के ज्ञान का भी परीक्षण करती है। इसलिए नवीनतम समाचारों और घटनाओं से आपका अपडेट रहना महत्वपूर्ण है। समसामयिक मामलों से अपडेट रहने के लिए रोजाना समाचार-पत्र पढ़ें और न्यूज चैनल देखें। इससे आपको राजनीतिक, आर्थिक और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सवालों का जवाब देने में मदद मिलेगी।

### शरीर और दिमाग को स्वस्थ रखें

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए उम्मीदवार को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक होता है। अगर आप स्वस्थ होंगे तभी किसी भी परीक्षा की तैयारी अच्छी तरह से कर पाएंगे। कई बार अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी को लेकर कुछ ज्यादा ही टेंशन ले लेते हैं और इसका असर उनके शरीर, दिमाग यानी उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है, यह अच्छी बात नहीं है। आपको पौष्टिक भोजन लेना चाहिए। सुबह उठकर व्यायाम भी कर सकते हैं।

### समय व्यर्थ न करें

परीक्षा में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी होती है। वर्तमान में हमारे आसपास कई ऐसी चीजें हैं, जिससे समय व्यर्थ होता ही है जैसे मोबाइल, लैपटॉप आदि। आपको परीक्षा की तैयारी के लिए इन सभी चीजों से बचने की जरूरत है। इसीलिए यह जरूरी है कि आप सिर्फ पढ़ाई पर ही ध्यान दें। समय व्यर्थ न करें। सही तरीके से परीक्षा की तैयारी करने पर ही आप सफल हो सकते हैं।

### संयमित और शांत रहें

परीक्षा के दौरान शांत और संयमित रहना महत्वपूर्ण है। घबराहट और चिंता से बचें। गहरी सांसें लें और आराम करने की कोशिश करें। याद रखें कि आपने अच्छी तैयारी की है और आप परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं।

### चयन प्रक्रिया

कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी), दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा।

### परीक्षा का प्रारूप

- लिखित परीक्षा (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) 100 अंकों की होगी, जिसमें 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षा में सामान्य ज्ञान (जनरल नॉलेज) से 10, तार्किक तर्क (रीजनिंग) से 10, हिंदी से 10, अंग्रेजी से 05, कंप्यूटर से 15, इलेक्ट्रिशियन विषय से संबंधित 50 प्रश्न पूछे जाएंगे।
- परीक्षा अवधि 90 मिनट की होगी। प्रश्नों का गलत उत्तर देने पर कोई निगेटिव मार्किंग नहीं की जाएगी।

# राजस्थान में जूनियर इंस्ट्रक्टर के 1821 पद रिक्त

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएसबी), जयपुर ने कनिष्ठ अनुदेशक (जूनियर इंस्ट्रक्टर) के 1821 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत ड्राफ्ट्समैन सिविल, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिकल, फिटर, इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस, मेकेनिकल डीजल, मेकेनिकल मोटर व्हीकल, प्लम्बर, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर टेक्निशियन समेत कई पद भरे जाएंगे। हर तरह के आरक्षण का लाभ राजस्थान के मूल निवासियों को मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी में ही आवेदन कर सकेंगे। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है।

**राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर (आरएसएसबी)**

**ध्यान दें**
**1821 पद**

- आवेदन शुल्क : सामान्य/ओबीसी/ईबीसी (क्रीमी लेयर) के लिए 600 रुपये। राजस्थान के नॉन क्रीम लेयर ओबीसी/ ईबीसी/ ईडब्ल्यूएस/ एससी/ एसटी वर्ग और दिव्यांगों के लिए 400 रुपये।
- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 11 अप्रैल 2024
- वेबसाइट : www.rsmssb.rajasthan.gov.in/ https://sso.rajasthan.gov.in
- हेल्पलाइन नंबर : 0141-2221424/ 2221425, 0294-3057541

### जूनियर इंस्ट्रक्टर, कुल पद : 1821

**(कार्य क्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- ड्राफ्ट्समैन सिविल, पद : 38
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 34, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 04)
- इलेक्ट्रिशियन, पद 348
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 301, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 47)
- इलेक्ट्रॉनिक्स मेकेनिकल, पद : 76
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 62, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 14)
- फिटर, पद : 243
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 204, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 39)
- इंफॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटेनेंस, पद : 47
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 41, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 06)
- मेकेनिकल डीजल, पद : 199
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 169, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 30)
- मेकेनिकल मोटर व्हीकल, पद : 71
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 61, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 10)
- प्लम्बर, पद : 58
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 48, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 10)
- रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर टेक्निशियन, पद : 134
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 126, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 08)
- सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल, पद : 36
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 34, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 02)
- टर्नर, पद : 42
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 39, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 03)
- वेल्डर, पद : 139
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 113, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 26)
- वायरमैन, पद : 90
(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 66, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 24)

#### योग्यता

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र और गणित के साथ 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी की डिग्री हो। या
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी की संबंधित ब्रांच में तीन वर्षीय डिप्लोमा हो। या
- संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण पत्र (एनटीसी) और नेशनल क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट हो। या
- संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (एनएसी) और नेशनल क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट हो।
- इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी में डिग्री धारकों के लिए एक वर्ष, डिप्लोमा धारकों के लिए 02 वर्ष और एनटीसी/ एनएसी धारकों के लिए तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

### कास्मेटोलॉजी, पद : 43

(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 35, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 08)

### सुईंग टेक्नोलॉजी, पद : 40

(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 28, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 12)

#### योग्यता

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण हो।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से संबंधित ब्रांच में स्नातक और नेशनल क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट हो। या
- मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में तीन वर्षीय/ दो वर्षीय डिप्लोमा और नेशनल क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट होना चाहिए।
- इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी में डिग्री धारकों के लिए एक वर्ष, डिप्लोमा धारकों के लिए 02 वर्ष और एनटीसी/ एनएसी धारकों के लिए तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

### कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, पद : 217

(गैर अनुसूचित क्षेत्र, पद : 181, अनूसूचित क्षेत्र, पद : 36)

#### योग्यता

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग/ आईटी में डिग्री हो। या
- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर एप्लीकेशन/ आईटी में मास्टर डिग्री या बी लेवल उत्तीर्ण होना चाहिए।
- प्रशिक्षण महानिदेशालय के अधीन किसी भी प्रकार का नेशनल क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट हो।
- इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी में डिग्री धारकों के लिए एक वर्ष, डिप्लोमा धारकों के लिए 02 वर्ष और एनटीसी/ एनएसी धारकों के लिए तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

#### वेतनमान

- 15,600 रुपये से 39,100 रुपये।

#### आयु सीमा

- न्यूनतम 21 और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।
- अधिकतम आयु सीमा में राजस्थान के मूल निवासी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ ईडब्ल्यूएस वर्ग को 5 वर्ष, सामान्य वर्ग की महिला अभ्यर्थियों को 5 वर्ष, राजस्थानी की मूल निवासी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ ईडब्ल्यूएस वर्ग की महिलाओं को 10 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।
- आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2025 को आधार मानकर की जाएगी।

#### चयन प्रक्रिया

- उम्मीदवार का चयन ऑफलाइन (ओएमआर) आधारित लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा।
- परीक्षा के संबंध में विस्तृत सूचना बोर्ड की वेबसाइट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दी जाएगी।
- चयन प्रकिया और उससे जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी नोटिफिकेशन जरूर देखें।

#### जरूरी सूचना

- जूनियर इंस्ट्रक्टर के 50% पद राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण-पत्र (एनटीसी)/ राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण पत्र (एनएसी) धारकों और 50% पद डिग्री/ डिप्लोमा धारकों के लिए आरक्षित हैं।
- गैर अनूसूचित क्षेत्र की रिक्तियों के विरुद्ध अनुसूचित क्षेत्र के निवासी भी आवेदन कर सकते हैं।
- अनुसूचित क्षेत्र के रिक्त पदों के लिए केवल राजस्थान राज्य के अनुसूचित क्षेत्र के स्थायी निवासी ही आवेदन कर सकेंगे।
- कुल रिक्तियों का 2% स्पोर्ट्स कोटा के लिए आरक्षित है।

#### आवेदन शुल्क

- सामान्य वर्ग/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग (क्रीमी लेयर) के उम्मीदवारों के लिए 600 रुपये।
- राजस्थान के नॉन क्रीम लेयर अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस वर्ग/ अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति वर्ग और सभी वर्ग के दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 400 रुपये निर्धारित है।
- शुल्क का भुगतान ऑनलाइन अथवा राज्य के निर्धारित ई-मित्र कियोस्क या जन सुविधा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से किया जा सकता है।
- राज्य के समस्त ई-मित्र कियोस्क और जन सुविधा केंद्रों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर मौजूद है।

### आवेदन करने से पहले यह जरूरी

- ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों के पास एसएसओ से मान्य यूजर आईडी और पासवर्ड होना चाहिए। उम्मीदवार को सबसे पहले एसएसओ आईडी बनानी होगी।
- अभ्यर्थी वेबसाइट (https://sso.rajasthan.gov.in) पर जाकर पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।
- पंजीकरण के बाद आईडी और पासवॉर्ड मिलेंगे। इसे हमेशा संभाल कर रखें। राजस्थान में भविष्य में होने वाली भर्तियों में ऑनलाइन आवेदन के लिए यह जरूरी होगा।

#### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले आरएसएमएसएसबी की आधिकारिक वेबसाइट (www.rsmssb.rajasthan.gov.in) पर जाएं।
- होमपेज पर नीचे की ओर कई विकल्प दिए गए हैं। इनमें से 'न्यूज नोटिफिकेशंस' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए वेब पेज पर सामने ही 'न्यूज एंड नोटिफिकेशंस' का विकल्प दिखेगा। यहां भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिए गए हैं।
- पेज पर नीचे की ओर स्क्रॉल करें। यहां 11-03-2024 फुल एडवर्टाइजमेंट फॉर डायरेक्ट रिक्रूटमेंट ऑफ वैरियस ट्रेड ऑफ जूनियर इंस्ट्रक्टर 2024 नाम से नोटिफिकेशन दिखेगा। इस पर क्लिक करें।
- विज्ञापन के नीचे ही डाउनलोड लिखा हुआ दिखाई देगा। इस पर क्लिक करने से रिक्तियों से संबंधित विज्ञापन खुल जाएगा।
- अभ्यर्थी विज्ञापन के पीडीएफ को अच्छी तरह से पढ़ लें और अपनी योग्यता की जांच कर लें।
- अब होमपेज पर आएं। यहां सबसे ऊपर ही दाईं ओर 'लॉगइन' का विकल्प दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।
- नए पेज पर अपना यूजर नेम और पासवर्ड दर्ज कर लॉगइन करें। इससे नया पेज खुलेगा। यहां डैशबोर्ड पर 'ऑनलाइन रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करें।
- यहां संबंधित पद की भर्ती का लिंक दिखाई देगा। इसके सामने दिए 'अप्लाई नाउ' बटन पर क्लिक करें। इससे आवेदन-पत्र खुल जाएगा।
- अब आवेदन-पत्र में मांगी गई जानकारी जैसे - नाम, पता, शैक्षिक योग्यता, जन्मतिथि दर्ज करें और मांगे गए दस्तावेजों की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें। आवेदन-पत्र भरते समय फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी होनी चाहिए।
- स्कैन की गई फोटोग्राफ की फाइल का आकार 50 केबी से 100 केबी के बीच होना चाहिए। हस्ताक्षर के फाइल का आकार 20 केबी से 50 केबी के बीच होना चाहिए।
- फोटो-हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद 'नेक्स्ट' के बटन पर क्लिक करें। इससे 'अप्लीकेशन प्रिव्यू' पेज खुलेगा। यहां उम्मीदवार आवेदन-पत्र में भरी गई जानकारी की सावधानी से जांच लें।
- इसके बाद 'सब्मिट' पर क्लिक कर आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी है। इसके बाद 'ओके' का बटन दबाना है। अब शुल्क भुगतान का पेज खुल जाएगा।
- आवेदन शुल्क ऑनलाइन डेबिट-क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग या ई-मित्र के जरिए कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तभी पूरी मानी जाएगी, जब शुल्क भरने के बाद यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर आपको मिल जाएगा।
- आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसका प्रिंट लेकर अपने पास भविष्य के लिए रख लें। आवेदन-पत्र की प्रिंट कॉपी पर यह देख लें कि उसमें यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर है या नहीं।
- ध्यान रहे कि यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए लॉगइन करके उम्मीदवार अपना आवेदन और एडमिट कार्ड आदि देख सकते हैं।

# मेडिकल एग्जिक्यूटिव के 63 पद भरे जाएंगे

कोल इंडिया लिमिटेड ने मेडिकल एग्जिक्यूटिव के 63 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। उम्मीदवारों को आवेदन पत्र भरकर निर्धारित पते पर स्पीड पोस्ट से भेजना होगा। आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है।

### सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट/मेडिकल स्पेशलिस्ट, पद : 37

**(कार्य क्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- सर्जरी पद : 04
- जनरल फिजिशियन एंड मेडिसिन पद : 07
- स्त्रीरोग एवं प्रसूति विज्ञान पद : 05
- एनेस्थीसिया पद : 03
- ऑर्थोपेडिक्स पद : 04
- पीडियाट्रिक पद : 01
- साइकेट्रिस्ट पद : 01
- पैथोलॉजी पद : 01
- डर्मेटोलॉजी पद : 01
- पुलमोनोलॉजिस्ट/ चेस्ट स्पेशिएलिटी, पद : 02
- ऑपथैल्मोलॉजी पद : 03
- रेडियोलॉजी पद : 03
- ईएनटी पद : 02

**योग्यता :** जनरल सर्जरी, जनरल मेडिसिन, पल्मोनरी मेडिसन के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री हो।

- अन्य विशेषज्ञों के लिए एमबीबीएस की डिग्री के अलावा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी मान्य होगा।
- सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट पद के लिए न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**वेतनमान :** सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट (ई4) के लिए : 70,000 से 2,00,000 रुपये।

- मेडिकल स्पेशलिस्ट : 60,000 से 1,80,000 रुपये

**आयु सीमा :** सीनियर मेडिकल स्पेशलिस्ट के लिए अधिकतम 42 वर्ष और मेडिकल स्पेशलिस्ट के लिए 35 वर्ष हो।

### सीनियर मेडिकल ऑफिसर (ई3), पद : पद : 26

**योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री हो।

- निजी प्रैक्टिस/स्व-क्लिनिक का अनुभव भी मान्य होगा।

**वेतनमान :** 60,000 से 1,80,000 रुपये
**आयु सीमा :** अधिकतम 35 वर्ष से कम होनी चाहिए।

#### आयु सीमा में छूट

- अधिकतम आयु में ओबीसी वर्ग को 03 वर्ष, एससी/एसटी वर्ग को 05 वर्ष और दिव्यांगों को 10 वर्ष की छूट रहेगी।
- आयु की गणना 31 जनवरी 2024 के आधार पर होगी।

**चयन प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार और चिकित्सा परीक्षण के आधार पर होगा।
**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं।

#### आवेदन प्रक्रिया

- आधिकारिक वेबसाइट www.coalindia.in पर जाएं।
- होमपेज पर कोल इंडिया के साथ करियर विकल्प पर क्लिक करें। नये पेज पर सामने ही जॉब्स एट कोल इंडिया का विकल्प दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।
- नए पेज पर नोटिफिकेशन लिस्ट खुल जाएगी। अब इसमें एडवर्टाइजमेंट फॉर रिक्रूटमेंट ऑफ मेडिकल एग्जिक्यूटिव एट डब्ल्यूसीएल विकल्प पर क्लिक करें।
- इससे विज्ञापन की पीडीएफ डाउनलोड हो जाएगी। अब इसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- अब इसके नीचे दिए गए आवेदन पत्र का एक प्रिंट ए-4 साइज के पेपर में निकाल लें। अब इसे सावधानीपूर्वक भरकर नीचे हस्ताक्षर करें और अपनी फोटो चिपका दें।
- अब इस आवेदन पत्र को जरूरी दस्तावेजों की सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपी के साथ अटैच करें और दिए गए पते पर स्पीड पोस्ट से भेज दें। जिस लिफाफे में आवेदन डालकर भेजें, उसके ऊपर पद का नाम अवश्य लिख दें।

#### यहां भेजें आवेदन

- महाप्रबंधक (कार्मिक)/ विभागाध्यक्ष (ईई) कार्यकारी स्थापना विभाग, 2 फ्लोर, कोल इस्टेट, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिविल लाइंस, नागपुर, महाराष्ट्र

# अकाउंट्स ऑफिसर समेत 3825 पदों पर मौके

राष्ट्रीय ग्रामीण मनोरंजन मिशन सोसायटी (एनआरआरएमएस) ने 3825 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके तहत डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर, अकाउंट्स ऑफिसर आदि के पदों पर तीन वर्ष के अनुबंध के आधार पर नियुक्तियां की जाएंगी। चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती मध्य प्रदेश में की जाएगी। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 05 अप्रैल 2024 है।

**राष्ट्रीय ग्रामीण मनोरंजन मिशन सोसायटी (एनआरआरएमएस)**

**ध्यान दें**

**3825 पद**

- आवेदन शुल्क : सामान्य वर्ग/ओबीसी वर्ग के लिए 350 रुपये शुल्क देय होगा। एससी/ एसटी वर्ग और बीपीएल अभ्यर्थियों को 250 रुपये चुकाने होंगे। भुगतान ऑनलाइन करना होगा।
- ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 05 अप्रैल 2024
- वेबसाइट : www.nrrmsvacancy.in / www.nrrms.com
- हेल्पलाइन ईमेल : nrrmsofficial@gmail.com

### डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर, पद : 52

**योग्यता :** पीजी की डिग्री और सोशल/कम्युनिटी डेवलपमेंट सेक्टर में एक से अधिक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। या स्नातक की उपाधि के साथ तीन वर्ष का कार्यानुभव हो।
**वेतनमान :** 31,760
**आयु सीमा :** न्यूनतम 23 और अधिकतम 43 वर्ष हो।

### अकाउंट्स ऑफिसर, पद : 78

**योग्यता :** किसी भी विषय में पीजी/ स्नातक की डिग्री हो। साथ ही फाइनेंस/अकाउंट्स में कार्य का दो वर्ष का अनुभव हो।
■ सोशल/ कम्युनिटी डेवलपमेंट से जुड़ी योजना/ प्रोजेक्ट में काम करने का अनुभव हो। बीकॉम उत्तीर्ण और टैली की जानकारी रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
**वेतनमान :** 27,450 रुपये।
**आयु सीमा :** न्यूनतम 22 और अधिकतम 43 वर्ष से कम होनी चाहिए।

### टेक्निकल असिस्टेंट, पद : 110

**योग्यता :** स्नातक उत्तीर्ण/ कंप्यूटर एप्लीकेशन में छह महीने का डिप्लोमा कोर्स किया हो। कंप्यूटर टाइपिंग, डाटा एंट्री, रिपोर्ट बनाने और एमएस ऑफिस पर काम करने में दक्षता हो।
■ एमआईएस (मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम) के रूप में काम करने का एक वर्ष का अनुभव हो।
**वेतनमान :** 25,750 रुपये

### डाटा मैनेजर, पद : 213

**योग्यता :** स्नातक की डिग्री हो। कंप्यूटर टाइपिंग, डाटा एंट्री और एमएस ऑफिस पर काम करने में दक्षता होनी चाहिए। एमआईएस संबंधित काम करने का एक वर्ष का अनुभव हो।
**वेतनमान :** 23,350 रुपये।

### एमआईएस मैनेजर, पद : 348

**योग्यता :** स्नातक के साथ दो वर्ष या डिप्लोमा के बाद रिपोर्ट बनाने में चार वर्ष का अनुभव हो। साथ ही बतौर एमआईएस एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
**वेतनमान :** 21,650 रुपये।
**आयु सीमा (उपरोक्त तीन पदों के लिए) :** न्यूनतम 21 और अधिकतम 43 वर्ष हो।

### एमआईएस असिस्टेंट, पद : 517

**योग्यता :** स्नातक उत्तीर्ण हो। पद से संबंधित न्यूनतम दो वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर एप्लीकेशन की जानकारी हो।
**वेतनमान :** 19,650 रुपये।

### मल्टीटास्किंग ऑफिसर, पद : 479

**योग्यता :** स्नातक की डिग्री हो। या 12वीं के बाद संबंधित कार्य में दो वर्ष का अनुभव और कंप्यूटर की जानकारी हो।
**वेतनमान :** 18,450 रुपये।

### कंप्यूटर ऑपरेटर, पद : 717

**योग्यता :** 12वीं/ हाईस्कूल के साथ कंप्यूटर एप्लीकेशन में छह महीने का डिप्लोमा कोर्स किया हो।

### फील्ड को-ऑर्डिनेटर, पद : 698

**योग्यता :** 12वीं/ हाईस्कूल के साथ कंप्यूटर की जानकारी हो।
**वेतनमान (उपरोक्त दो पदों के लिए) :** 18,250 रुपये।

### फैसिलिटेटर्स, पद : 613

**योग्यता :** 12वीं उत्तीर्ण हो। संबंधित काम में एक वर्ष का अनुभव हो। कंप्यूटर के जानकार को प्राथमिकता दी जाएगी।
**वेतनमान :** 17, 750 रुपये।

**आयु (उपरोक्त पांच पदों के लिए) :** अधिकतम 43 वर्ष हो।
**चयन प्रक्रिया :** लिखित और कंप्यूटर दक्षता परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा।
**आवेदन शुल्क :** सामान्य वर्ग/ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 350 रुपये शुल्क देय होगा। एससी/एसटी वर्ग और बीपीएल अभ्यर्थियों को 250 रुपये चुकाने होंगे।

### आवेदन प्रक्रिया

- वेबसाइट (www.nrrms.com) पर जाएं। होमपेज पर 'रिक्रूटमेंट' पर क्लिक करें। अब 'काइंडली विजिट आवर ऑफिशियल रिक्रूटमेंट साइट https://www.nrrmsvacancy.in MXc नो अबाउट करंट वेकैंसीज' का विकल्प दिखेगा।
- इस लिंक पर क्लिक कर नए पेज पर जाएं। यहां 'नेशनल रूरल रीक्रिएशन मिशन सोसाइटी' के नीचे 'ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल' के नीच प्लीज सेलेक्ट योर डोमिसाइल स्टेट में मध्य प्रदेश सेलेक्ट कर 'सब्मिट' पर क्लिक करें।
- नए पेज पर एडवर्टाइजमेंट सेक्शन के नीचे **'NRRMS/HR/REC_MP-ad/16/2024-03/07/Dated_12th/March/2024'** के सामने डाउनलोड्स आइकन पर क्लिक कर भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें।
- आवेदन करने को पिछले पेज पर वापस जाकर एडवर्टाइजमेंट सेक्शन में 'अप्लाई हियर' के नीचे 'क्लिक हियर' पर क्लिक कर दें। नए पेज पर आवेदन से जुड़े दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़ें। पेज के अंत में आई हैव रीड ऑल द इंस्ट्रक्शन के दायीं ओर बॉक्स में 'सही' का निशान लगाएं। फिर अप्लाई (क्लिक हियर टू अप्लाई) पर क्लिक कर दें। आवेदन फॉर्म खुलेगा। इसे भरकर सब्मिट कर दें।

# सीबीएसई ने 118 रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 118 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इसके तहत असिस्टेंट सेक्रेटरी (एडमिनिस्ट्रेशन), असिस्टेंट सेक्रेटरी (एकेडमिक्स), असिस्टेंट सेक्रेटरी (ट्रेनिंग) आदि पदों पर भर्तियां की जाएंगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है।

### असिस्टेंट सेक्रेटरी (एडमिनिस्ट्रेशन), पद : 18

**योग्यता :** किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री हो।

### असिस्टेंट सेक्रेटरी (एकेडमिक्स), पद : 16

**योग्यता :** संबंधित विषय और क्षेत्र में पीजी की डिग्री हो। बीएड हो। एनईटी/एसएलईटी किया हो या पीएचडी हो।
**वांछनीय योग्यता :** एमएड/ एमफिल या समकक्ष योग्यता हो।

### असिस्टेंट सेक्रेटरी (स्किल एजुकेशन), पद : 08

**योग्यता :** किसी भी विषय में पीजी की डिग्री हो। या बीई/बीटेक की डिग्री हो। संबंधित क्षेत्र में काम किया हो या पीएचडी हो।

### असिस्टेंट सेक्रेटरी (ट्रेनिंग), पद : 22

**योग्यता :** संबंधित विषय में पीजी की डिग्री हो। बीएड की डिग्री हो। एनईटी/ एसएलईटी किया हो। या पीएचडी हो।
**वांछनीय योग्यता :** एमएड/ एमफिल या समकक्ष योग्यता हो।

### अकाउंट ऑफिसर, पद : 03

**योग्यता :** अकाउंट्स/ फाइनेंस/ बिजनेस स्टडीज/ कॉस्ट अकाउंटिंग विषय से स्नातक की डिग्री हो। या इन विषयों के साथ पीजी हो। या फाइनेंस से एमबीए/ चार्टर्ड अकाउंटेंट/ आईसीडब्ल्यूए किया हो।
**वेतनमान (उपरोक्त पांचों पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल-10 के अनुसार वेतनमान मिलेगा।

### जूनियर इंजीनियर, पद : 17

**योग्यता :** सिविल इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक की डिग्री हो।

### जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर, पद : 07

**योग्यता :** हिंदी और अंग्रेजी विषय में पीजी की डिग्री हो। साथ ही हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद करने का डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स किया हो।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल-06 के अनुसार वेतनमान मिलेगा।

### अकाउंटेंट, पद : 07

**योग्यता :** अर्थशास्त्र/ कॉमर्स/ अकाउंट्स/ फाइनेंस/ बिजनेस स्टडीज/ कॉस्ट अकाउंटिंग विषय में स्नातक डिग्री हो। कंप्यूटर पर अंग्रेजी में टाइपिंग स्पीड 35 शब्द प्रति मिनट और हिंदी टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए।

### जूनियर अकाउंटेंट, पद : 20

**योग्यता :** 12वीं की कक्षा उत्तीर्ण की हो। अकाउंटेंसी/ बिजनेस स्टडीज/ इकोनॉमिक्स/ कॉमर्स/ इंटरप्रेन्योरशिप/ फाइनेंस/ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/ टैक्सेशन/ कॉस्ट अकाउंटिंग में से किसी भी एक विषय में स्नातक डिग्री हो।
■ कंप्यूटर पर अंग्रेजी में टाइपिंग स्पीड 35 शब्द प्रति मिनट और हिंदी टाइपिंग स्पीड 30 शब्द प्रति मिनट होनी चाहिए।
**वेतनमान (उपरोक्त दोनों पदों के लिए) :** पे-मैट्रिक्स लेवल-04 के अनुसार वेतनमान मिलेगा।
**आयु सीमा :** पदानुसार अधिकतम 35 वर्ष से कम हो।
**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा के आधार पर चयन होगा।
**आवेदन शुल्क :** पदानुसार 800 रुपये से 1500 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया :

- अभ्यर्थी वेबसाइट (https://cbse.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर 'रिक्रूटमेंट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर 'नोटिस/ अनाउंसमेंट्स' का विकल्प दिखेगा। इसके नीचे भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन **Vacancy Notification for various Post (536 KB) | Detailed Notification (1.42 MB) | Syllabus | Click here to apply for Assistant Secretary (Academics, Training and Skill Education) | Click here to apply for Various Administrative Posts (Group A, B & C) 11/03/2024img** दिखेगा। इसे डाउनलोड कर पढ़ लें और निर्देशानुसार आवेदन भर दें।

# प्रोफेसर की भर्ती के लिए होगा साक्षात्कार

केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) ने 39 पदों पर रिक्तियां निकाली हैं। इसके तहत प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्तियां की जाएंगी। ये नियुक्तियां स्थायी आधार पर होंगी। अभ्यर्थियों के पास 14 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन करने का मौका है।

### कुल पद : 39 (अनारक्षित-16)

**(विषय के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- फॉरेंसिक साइकोलॉजी, पद : 02 (अनारक्षित-01)
- न्यूरो साइकोलॉजी, पद : 01 (अनारक्षित-01)
- क्लिनिकल साइकोलॉजी, पद : 03 (अनारक्षित-01)
- क्रिमिनोलॉजी, पद : 01
- साइबर सिक्योरिटी, पद : 06 (अनारक्षित-04)
- डिजिटल फॉरेंसिक्स, पद : 04 (अनारक्षित-01)
- फॉरेंसिक बायोलॉजी/ बायोटेक्नोलॉजी/ डीएनए, पद : 01
- फॉरेंसिक्स साइंस (जनरल), पद : 06 (अनारक्षित-03)
- जनरल केमिस्ट्री, पद : 01
- लॉ, पद : 04 (अनारक्षित-02)
- फॉरेंसिक केमिस्ट्री/ टॉक्सिकोलॉजी, पद : 01
- जनरल मैनेजमेंट, पद : 03 (अनारक्षित-01)
- अकाउंट एंड फाइनेंस, पद : 02 (अनारक्षित-01)
- डाटा एनालिटिक्स, पद : 01
- साइबर/ आईटी/ डिजिटल फॉरेंसिक, पद : 01
- पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन/ साइंस, पद : 02 (अनारक्षित-01)

**योग्यता :** संबंधित विषय में 60 प्रतिशत अंकों के साथ पीजी डिग्री हो। या संबंधित विषय में पीएचडी हो। मान्यता प्राप्त संस्थान में संबंधित पद पर 5-10 वर्ष पढ़ाने का अनुभव हो।
**वेतनमान :** प्रोफेसर को 1,59,100 रुपये। एसोसिएट प्रोफेसर को 1,39,600 रुपये और असिस्टेंट प्रोफेसर को 70,900 रुपये वेतन मिलेगा।
**आयु सीमा :** संस्थान के नियमानुसार उम्र तय की जाएगी। आयु की गणना 14 अप्रैल 2024 को आधार मानकर की जाएगी।
■ अधिकतम आयु में आरक्षित वर्गों को नियमानुसार छूट दी जाएगी।
**चयन प्रक्रिया :** शैक्षणिक योग्यता और अनुभव के आधार पर अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।
**आवेदन शुल्क :** सामान्य वर्ग के लिए 1000 रुपये। एससी/ एसटी वर्ग/ महिलाओं व दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।
■ शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- अभ्यर्थी वेबसाइट (https://www.nfsu.ac.in) पर जाएं। होमपेज पर कई विकल्प दिखाई देंगे। इनमें से 'अबाउट एनएफएसयू' पर जाएं। इसके अंदर 'करियर' के नीचे 'एडवर्टाइजमेंट' के विकल्प पर क्लिक करें।
- नए पेज पर सामने फिर से 'करियर' का विकल्प दिखेगा। इसके नीचे भर्ती से संबंधित कई विज्ञापन हैं। इनमें से **'Detailed Advertisment Teaching (Regular) Positions (Advt No: NFSU/Teaching/01/2024)'** नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखाई देगा।
- विज्ञापन के नीचे पीडीएफ है। इस पर क्लिक करें। नए पेज पर नोटिफिकेशन खुल जाएगा। विज्ञापन का पीडीएफ डाउनलोड कर इसे पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- होमपेज पर वापस आएं। यहां 'अप्लाई ऑनलाइन' पर क्लिक करें। नए पेज पर 'लॉगइन' और 'रजिस्ट्रेशन' का विकल्प दिखेगा। अभ्यर्थी 'रजिस्ट्रेशन' के विकल्प पर क्लिक करें। पंजीकरण का पेज खुल जाएगा।
- अभ्यर्थी यहां जानकारियां दर्ज करें। अंत में सब्मिट पर क्लिक कर दें। आपकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।
- पिछले पेज पर वापस जाएं। यहां यूजर आईडी और पासवर्ड दर्ज कर लॉगइन करें। आवेदन-पत्र खुल जाएगा।
- आवेदन-पत्र में जानकारियां दर्ज कर संबंधित दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज की फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी अपलोड कर दें। निर्देशानुसार शुल्क का भुगतान कर दें। अंत में आवेदन-पत्र को सब्मिट कर दें।

# असिस्टेंट प्रोफेसर के 233 पदों पर मौके

चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई), मध्य प्रदेश ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 233 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके तहत असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्तियां की जाएंगी। सभी तरह के आरक्षण का लाभ मध्य प्रदेश के मूल निवासियों को ही मिलेगा। अन्य प्रदेशों के सभी वर्गों के अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 07 अप्रैल 2024 तय की गई है।

## चिकित्सा शिक्षा निदेशालय (डीएमई), मध्य प्रदेश

**ध्यान दें**

**233 पद**

- ■ आवेदन शुल्क : किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।
- ■ ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि : 07 अप्रैल 2024, शाम 5 बजे तक
- ■ वेबसाइट : https://medicaleducation.mp.gov.in
- ■ हेल्पलाइन नंबर : 0755-2555260, 0755-2550186, 0755-2557855
- ■ हेल्पलाइन ईमेल : dirmededu@nic.in

### असिस्टेंट प्रोफेसर, कुल पद : 233

**(कार्यक्षेत्र/ विषय के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| ■ एनाटॉमी | पद : 18 |
| ■ फिजियोलॉजी | पद : 12 |
| ■ बायोकेमेस्ट्री | पद : 12 |
| ■ फार्माकोलॉजी | पद : 18 |
| ■ पैथोलॉजी | पद : 16 |
| ■ माइक्रोबायोलॉजी | पद : 17 |
| ■ फॉरेंसिक मेडिसिन | पद : 06 |
| ■ कम्युनिटी मेडिसिन | पद : 21 |
| ■ कम्युनिटी मेडिसिन सांख्यिकी विद | पद : 05 |
| ■ जनरल मेडिसिन | पद : 18 |
| ■ बाल रोग विभाग | पद : 07 |
| ■ त्वचा रोग विभाग | पद : 05 |
| ■ मानसिक रोग | पद : 05 |
| ■ जनरल सर्जरी | पद : 18 |
| ■ ऑर्थोपेडिक्स | पद : 07 |
| ■ ईएनटी | पद : 06 |
| ■ नेत्र रोग विभाग | पद : 06 |
| ■ प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग | पद : 12 |
| ■ एनेस्थिसियोलॉजी | पद : 14 |
| ■ रेडियो डायग्नोसिस | पद : 05 |
| ■ दंत रोग | पद : 05 |

### योग्यता

■ संबंधित विषय में एमडी/ एमएस/ डीएनबी की डिग्री होनी चाहिए। मान्यता प्राप्त किसी भी चिकित्सा संस्थान में संबंधित विषय में सीनियर रेजिडेंट के रूप में एक साल काम किया हो।

### वेतनमान

■ 68,900 रुपये से 2,05,500 रुपये।

### आयु सीमा

■ न्यूनतम आयु 21 और अधिकतम 40 वर्ष से कम हो।

■ आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2024 को आधार मानकर की जाएगी।

■ अधिकतम आयु सीमा में मध्य प्रदेश सरकार के नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी।

### चयन प्रक्रिया

■ साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

### आवेदन शुल्क

■ किसी भी वर्ग के लिए शुल्क देय नहीं होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

■ सबसे पहले अभ्यर्थी संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.medicaleducation.mp.gov.in/) पर जाएं।

■ होमपेज पर कई विकल्प दिखाई देंगे। इनमें से 'रिक्रूटमेंट' के विकल्प पर क्लिक कर दें।

■ नए वेबपेज पर 'वैकेंसी' के नीचे भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे। इनमें से 'Advertisement for Appointment to the Posts of Assistant Professors of various Department for Government Medical Colleges under the Dept of Public Health and Medical Education (MP) 07.03.2024' नाम के नोटिफिकेशन पर क्लिक कर भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें। इसे अच्छी तरह से पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।

■ भर्ती के लिए खुद को पात्र पाने पर आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं।

■ विज्ञापन लिंक के नीचे 'लिंक टू अप्लाई' का विकल्प दिखेगा। इस पर क्लिक करने पर नया पेज खुल जाएगा। यहां 'न्यू एप्लीकेशन' पर क्लिक करें।

■ नए पेज पर आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। यहां सबसे पहले एप्लाइड फॉर पोस्ट में असिस्टेंट प्रोफेसर का चयन करें।

■ अब अपना नाम, लिंग, फोन नंबर, वर्तमान और स्थाई पता, ईमेल आईडी, जन्म तिथि आदि जानकारियां दर्ज कर दें।

■ अपनी हाल की पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो और शैक्षणिक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड कर दें।

■ मेडिकल काउंसिल का रजिस्ट्रेशन नंबर दर्ज करें और उसकी स्कैन कॉपी को भी जेपीईजी फॉर्मेट में अपलोड भी करें।

■ इसके बाद 'सेव एंड नेक्स्ट' पर क्लिक करें। आवेदन फॉर्म का दूसरा पेज खुल जाएगा।

■ यहां मांगी गईं अन्य जानकारियां बारी-बारी दर्ज कर सब्मिट बटन पर क्लिक कर दें।

■ इससे आपकी आवेदन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# असिस्टेंट प्रॉसीक्यूशन ऑफिसर के 181 पदों पर रिक्तियां

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), अजमेर ने असिस्टेंट प्रॉसीक्यूशन ऑफिसर (एपीओ) के 181 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। हर तरह के आरक्षण का लाभ राजस्थान के मूल निवासियों को मिलेगा। अन्य राज्यों के सभी वर्गों के उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी में आवेदन कर सकेंगे। आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन है। इसकी अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2024 है।

### असिस्टेंट प्रॉसीक्यूशन ऑफिसर, कुल पद : 181

**योग्यता :** लॉ में स्नातक की डिग्री हो। हिंदी में काम करने की जानकारी एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान हो।

**वेतनमान :** 9300 रुपये से 34800 रुपये।

### आयु सीमा

■ न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु सीमा की गणना 01 जनवरी 2025 के आधार पर की जाएगी। अधिकतम आयु में छूट राजस्थान सरकार के नियमों के मुताबिक दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन होगा।

### आवेदन शुल्क

■ सामान्य/ईडब्ल्यूएस, अन्य राज्यों के उम्मीदवारों और राजस्थान की क्रीमीलेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 600 रुपये।

■ राजस्थान गैर क्रीमी लेयर श्रेणी के अन्य पिछड़ा वर्ग/ विशेष पिछड़ा वर्ग के आवेदकों और दिव्यांगों के लिए 400 रुपये।

### आवेदन से पहले यह जरूरी

■ ऑनलाइन आवेदन के लिए उम्मीदवार के पास एसएसओ से मान्य यूजर आईडी और पासवर्ड होना चाहिए। उम्मीदवार को सबसे पहले एसएसओ आईडी बनाना होगा।

■ इसके लिए वेबसाइट (sso.rajasthan.gov.in) पर जाकर पंजीकरण प्रक्रिया को पूरा करें।

■ पंजीकरण के बाद आईडी और पासवॉर्ड मिलेंगे। इसे हमेशा संभाल कर रखें। राजस्थान में भविष्य में होने वाली भर्तियों में ऑनलाइन आवेदन के लिए यह जरूरी होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- ■ वेबसाइट (https://rpsc.rajasthan.gov.in) पर जाएं। होमपेज पर पीले रंग की पट्टी में कई विकल्प दिए गए हैं। इसमें से 'कैंडिडेट इंफोर्मेशन' पर क्लिक करें।
- ■ खुलने वाले पेज पर 'रिक्रूटमेंट एडवर्टाइजमेंट सेक्शन' मे भर्ती से संबंधित कई नोटिफिकेशन दिखाई देंगे।
- ■ इसमें दिनांक 07/03/2024 Asst. Prosecution Officer 2024 Advt.19/2023-24 for Assistant Prosecution Officer 2024 नाम से भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन दिखाई देगा।
- ■ इसके सामने पीले रंग के डाउनलोड एरो पर क्लिक करें। इससे रिक्तियों से संबंधित विज्ञापन खुल जाएगा। अब विज्ञापन को अच्छे से पढ़ लें और अपनी योग्यता जांच लें।
- ■ होमपेज पर वापस आएं। पीले रंग की पट्टी में दिए 'आरपीएससी ऑनलाइन' के अंदर 'अप्लाई ऑनलाइन' पर क्लिक करें।
- ■ खुलने वाले पेज पर नीचे की ओर स्क्रॉल करें। यहां बॉक्स में न्यू एप्लीकेशन पोर्टल... पर क्लिक करें।
- ■ अब नया पेज खुलने पर यहां अपनी आईडी और पासवर्ड दर्ज कर लॉगइन करें। इससे नया पेज खुलेगा। यहां डैशबोर्ड पर ऑनलाइन रिक्रूटमेंट पर क्लिक करें।
- ■ यहां संबंधित पद की भर्ती का लिंक दिखाई देगा। इसके सामने दिए एप्लाई नाऊ बटन पर क्लिक करें। इससे आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- ■ अब दिए गए निर्देश के मुताबिक उम्मीदवार को आवेदन फॉर्म भरना है। उम्मीदवार के पास आवेदन करते समय फोटो और हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी होनी चाहिए।
- ■ स्कैन फोटो के फाइल का आकार 50 से 100 केबी के बीच होना चाहिए। स्कैन हस्ताक्षर के फाइल का आकार 20 केबी से 50 केबी के बीच होना चाहिए।
- ■ फोटो-हस्ताक्षर अपलोड करने के बाद नेक्स्ट का बटन क्लिक करें। इससे एप्लीकेशन प्रिव्यू पेज खुलेगा जहां उम्मीदवार आवेदन में भरी गई जानकारी जांच लें।
- ■ यदि कोई गलती रह जाती है तो अपडेट टैब पर क्लिक करके उसे सही कर सकते हैं। इसके बाद सब्मिट लिंक पर क्लिक कर आवेदन प्रक्रिया पूरी करनी है। इसके बाद ओके का बटन दबाना है।
- ■ इसके बाद शुल्क भुगतान का पेज खुलेगा। आवेदन शुल्क ऑनलाइन डेबिट-क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग या ई-मित्र के जरिए कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया तभी पूरी मानी जाएगी, जब शुल्क भरने के बाद यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर आपको मिल जाएगा।
- ■ आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उसका प्रिंट लेकर अपने पास रख लें, जिसकी जरूरत बाद में पड़ सकती है। आवेदन फॉर्म की प्रिंट कॉपी पर यह देख लें कि उसमें यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर है या नहीं।
- ■ यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिये लॉगइन करके उम्मीदवार अपना आवेदन और एडमिट कार्ड आदि देख सकते हैं।

# असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर की दरकार

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), कुरुक्षेत्र ने असिस्टेंट प्रोफेसर ग्रेड-1 और 2 और एसोसिएट प्रोफेसर के 77 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। योग्य अभ्यर्थियों के पास 25 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन करने का अवसर है। आवेदन फॉर्म भरकर संबंधित दस्तावेजों के साथ डाक के माध्यम से संस्थान के तय पते पर भेजने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2024 है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर (ग्रेड-1 और 2), कुल पद : 66

**(विभाग/ कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

| | |
|---|---|
| ■ सिविल इंजीनियरिंग | पद : 10 |
| ■ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | पद : 07 |
| ■ मेकेनिकल इंजीनियरिंग | पद : 07 |
| ■ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, | पद : 13 |
| ■ कंप्यूटर इंजीनियरिंग | पद : 11 |
| ■ फिजिक्स | पद : 01 |
| ■ केमेस्ट्री | पद : 02 |
| ■ मैथेमेटिक्स | पद : 04 |
| ■ ह्यूमिनिटीज एंड सोशल साइंसेज | पद : 02 |
| ■ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | पद : 03 |
| ■ कंप्यूटर एप्लीकेशन | पद : 03 |
| ■ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग | पद : 02 |
| ■ प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग, | पद : 01 |

**योग्यता :** विभाग और ग्रेड के अनुसार पीजी डिग्री से लेकर पीएचडी और पीएचडी के बाद 03 वर्ष शिक्षण कार्य का अनुभव हो। या प्रतिष्ठित संस्थान/लैब में छह वर्ष के शिक्षण कार्य और रिसर्च का अनुभव हो।

### एसोसिएट प्रोफेसर, कुल पद : 11

**(विषय/ कार्यक्षेत्र के अनुसार रिक्त पदों की संख्या)**

- ■ सिविल इंजीनियरिंग, पद : 03
- ■ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, पद : 01
- ■ कंप्यूटर इंजीनियरिंग, पद : 03
- ■ फिजिक्स, पद : 01
- ■ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, पद : 01
- ■ कंप्यूटर एप्लीकेशन, पद : 01
- ■ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, पद : 01

**योग्यता :** पदानुसार संबंधित विषय में पीएचडी और पीएचडी के बाद 06 वर्ष के शिक्षण कार्य और असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर 03 वर्ष का कार्य अनुभव हो।

**वेतनमान :** 46,800 रुपये से 1,17,300 रुपये।

**आयु सीमा :** अधिकतम आयु 60 वर्ष से कम हो।

**चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जाएगा।

**आवेदन शुल्क :** सामान्य वर्ग, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लिए 2,000 रुपये देय होगा। एससी/ एसटी वर्ग, दिव्यांगों के लिए 1,000 रुपये देय होगा। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

### आवेदन प्रक्रिया

- ■ वेबसाइट (https://nitkkr.ac.in) पर जाएं। होमपेज पर नोटिफिकेशन सेक्शन में भर्ती से संबंधित कई अधिसूचना दिखाई देंगी। इनमें से मार्च 14, 2024 के नीचे 'रिक्रूटमेंट ऑफ फैकल्टीः एडवर्टाइजमेंट नंबर. 04/2024 to 63/2024' पर क्लिक करें।
- ■ नए पेज पर 'डिटेल्ड इंफॉर्मेशन शीट एंड एनेक्सचर्स' पर क्लिक कर भर्ती से संबंधित विज्ञापन की पीडीएफ फाइल डाउनलोड कर लें। इसे पढ़कर अपनी योग्यता जांच लें।
- ■ आवेदन करने के लिए पिछले पेज पर वापस जाएं और विज्ञापन के नीचे 'अप्लाई ऑनलाइन' के नीचे पद और ग्रेड के अनुसार लिंक पर क्लिक करें।
- ■ नए पेज पर 'एनआईटी कुरुक्षेत्र रिक्रूटमेंट पोर्टल' के नीचे न्यू यूजर-रजिस्टर के नीचे अपनी ईमेल आईडी और कैप्चा भरकर 'रजिस्टर' पर क्लिक कर दें। आपकी ईमेल आईडी पर यूजरनेम और पासवर्ड चला जाएगा।
- ■ पिछले पेज पर वापस जाएं और 'ऑलरेडी रजिस्टर-लॉगइन' के नीचे अपना यूजरनेम, पासवर्ड दर्ज करें और कैप्चा भरकर 'लॉगइन' पर क्लिक कर दें। अब आवेदन फॉर्म खुल जाएगा। इसमें मांगी गईं जानकारियां दर्ज करें।

## 1 हेड टीचर के 40247 पदों पर रिक्तियां

**संस्थान :** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी)

**पद संख्या :** 40247

**पदनाम :** हेड टीचर

**आवेदन शुल्क :** वर्ग के अनुसार 200 रुपये से लेकर 750 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 02 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://www.bpsc.bih.nic.in

## 2 आरआरबी में 9144 पदों पर होंगी भर्तियां

**संस्थान :** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी), भारतीय रेलवे

**पद संख्या :** 9144

**पदनाम :** टेक्निशियन

**आवेदन शुल्क :** 500 रुपये। एससी/एसटी वर्ग एवं महिलाओं के लिए 250 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 09 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** www.indianrailways.gov.in

## 3 पुलिस कांस्टेबल के 3734 पद भरे जाएंगे

**संस्थान :** पश्चिम बंगाल पुलिस बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी)

**पद संख्या :** 3734

**पदनाम :** पुलिस कांस्टेबल

**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 20 रुपये से 170 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 17 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://wbpolice.gov.in

## 4 उत्तर प्रदेश में 2535 पदों पर मिलेंगे मौके

**संस्थान :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी)

**पद संख्या :** 2535

**पदनाम :** चिकित्सा अधिकारी, प्रचार अधिकारी एवं अन्य पद

**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 25 रुपये से 105 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 16 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://uppsc.up.nic.in

## 5 पीजीटी समेत 1499 पदों पर आवेदन करें

**संस्थान :** दिल्ली अधीनस्थ चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी)

**पद संख्या :** 1499

**पदनाम :** पीजीटी, असिस्टेंट डायरेक्टर, सेल्समैन एवं अन्य पद

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। एससी/ एसटी वर्ग, दिव्यांगों एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 17 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://dsssbonline.nic.in

## 6 जूनियर इंस्ट्रक्टर के 679 पदों पर अवसर

**संस्थान :** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

**पद संख्या :** 679

**पदनाम :** जूनियर इंस्ट्रक्टर

**आवेदन शुल्क :** 600 रुपये। राजस्थान गैर क्रीमी लेयर श्रेणी के ओबीसी/ एससी/एसटी, विशेष पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगों के लिए 400 रुपये।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 05 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** rsmssb.rajasthan.gov.in


25 मार्च - 31 मार्च 2024
www.livehindustan.com
हिन्दुस्तान जॉब्स
हिन्दुस्तान अखबार का रोजगार साप्ताहिक
खास मौके | चिकित्सा अधिकारी 2532 | जूनियर इंस्ट्रक्टर 679 | सब इंस्पेक्टर 464 | स्टेनोग्राफर 399
हर सोमवार हिन्दुस्तान के साथ निःशुल्क
कन्टेंट पार्टनर shine
अपनी नौकरी खुद चुनें
मैट्रिक/आईटीआई Page : 2, 3, 4, 5, 9, 10
इंटरमीडिएट/ 12वीं Page : 2, 4, 5, 9, 10
ग्रेजुएट Page : 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11
पोस्ट ग्रेजुएट Page : 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11
इंजीनियरिंग Page : 2, 3, 5, 6, 9, 10, 11
एमबीए/ एमबीबीएस/मेडिकल Page : 3, 6, 10
एमसीए/ सीए/ पीएचडी Page : 4, 6, 9, 11
विविध Page : 2, 3, 5, 6, 9, 10, 11
सरकारी Page : 2, 3, 4, 5, 6, 9, 10, 11
एग्जिक्यूटिव एवं नॉन एग्जिक्यूटिव पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित
लखनऊ मेट्रो में 439 पदों पर भर्तियां
पावर जॉब
लखनऊ मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने 439 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इसमें जूनियर इंजीनियर, असिस्टेंट मैनेजर समेत कई पद शामिल हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 है। अधिक जानकारी के लिए देखें.. P03
P 07 नर्सिंग ऑफिसर बनने के लिए मुख्य विषय पर करें फोकस
हॉट जॉब
दिल्ली में ड्राइवर और फार्मासिस्ट समेत 414 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी P02
संघ लोक सेवा आयोग साइंटिस्ट समेत विभिन्न पदों पर भर्तियां करेगा P02
राजस्थान में टेक्निशियन के 28 पदों पर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें P02
मध्य प्रदेश में असिस्टेंट इंजीनियर के 42 पदों पर नौकरी करने का मौका P03
आईआईटी मद्रास में जूनियर टेक्निशियन के 40 पदों पर भर्तियां की जाएंगी P03
उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग चिकित्सा अधिकारी समेत 2535 पद भरेगा P04
दिल्ली विश्वविद्यालय ने लाइब्रेरी अटेंडेंट समेत 36 पदों पर मांगे आवेदन P04
इलाहाबाद विश्वविद्यालय में गैर-शैक्षणिक के 313 पदों पर आवेदन के अवसर P05
पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड ने 464 पदों के लिए अधिसूचना जारी की P06
राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 40 पदों के लिए ऑनलाइन भर्तियां निकालीं P06
एनएलसी इंडिया लिमिटेड इंडस्ट्रियल ट्रेनी के 239 पदों पर नियुक्ति करेगा P09
असिस्टेंट प्रोफेसर के 60 पदों के लिए 31 मार्च तक करें ऑनलाइन आवेदन P09
जूनियर इंस्ट्रक्टर के 679 पदों पर नौकरी पाने का अवसर, जल्द करें आवेदन P10
मध्य प्रदेश ने असिस्टेंट प्रोफेसर के 146 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए P10
झारखंड हाईकोर्ट ने स्टेनोग्राफर के 399 पदों के लिए मांगे आवेदन P11
न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड में 10 पद पर भर्तियां P11
जॉब्स गाइड : P12
• हेड टीचर के 40247 पदों पर भर्तियां होंगी
• रेलवे में टेक्निशियन के 9144 पद रिक्त
• सब-इंस्पेक्टर के 4187 पदों पर चयन होगा
• पुलिस कांस्टेबल के 3734 पदों पर मौका
• पीजीटी समेत 1499 पदों के लिए नियुक्ति
• नर्सिंग ऑफिसर के 1930 पद भरे जाएंगे
• पर्सनल असिस्टेंट समेत 451 पद पर भर्ती
• यूपीएससी में 323 पदों के लिए फॉर्म भरें

## 7 बंगाल में सब-इंस्पेक्टर के 464 पद रिक्त

**संस्थान :** पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती बोर्ड (डब्ल्यूबीपीआरबी)

**पद संख्या :** 464

**पदनाम :** सब-इंस्पेक्टर

**आवेदन शुल्क :** वर्गानुसार 20 रुपये से 270 रुपये। शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://wbpolice.gov.in

## 8 लखनऊ मेट्रो रेल में 439 पदों पर नियुक्ति

**संस्थान :** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, (यूपीएमआरसी)

**पद संख्या :** 439

**पदनाम :** असिस्टेंट मैनेजर, मेंटेनर एवं अन्य पद

**आवेदन शुल्क :** 1180 रुपये। एससी/एसटी वर्ग के लिए 826 रुपये। अभ्यर्थियों को शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://www.upmetrorail.com

## 9 दिल्ली में ड्राइवर समेत 414 पद भरे जाएंगे

**संस्थान :** दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी)

**पद संख्या :** 414

**पदनाम :** ड्राइवर, फार्मासिस्ट, मिडवाइफ एवं अन्य पद

**आवेदन शुल्क :** 100 रुपये। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करें। एससी/ एसटी वर्ग, महिलाओं और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** www.dsssb.delhi.gov.in

## 10 नाल्को में 277 पदों पर नियुक्तियां होंगी

**संस्थान :** नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को)

**पद संख्या :** 277

**पदनाम :** ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी

**आवेदन शुल्क :** वर्ग के अनुसार 100 रुपये से 500 रुपये तक। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 02 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** www.nalcoindia.com

## 11 एनएलसी को चाहिए 239 इंडस्ट्रियल ट्रेनी

**संस्थान :** नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड

**पद संख्या :** 239

**पदनाम :** इंडस्ट्रियल ट्रेनी

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 19 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://www.nlcindia.in

**ईमेल :** help.recruitment@nlcindia.in

## 12 असिस्टेंट प्रोफेसर के 146 पदों पर साक्षात्कार

**संस्थान :** डायरेक्टोरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन, मध्य प्रदेश

**पद संख्या :** 146

**पदनाम :** असिस्टेंट प्रोफेसर

**आवेदन शुल्क :** किसी भी वर्ग के लिए कोई शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://medicaleducation.mp.gov.in

**ईमेल :** deanrecruitment.mp@gmail.com

## 13 एमडीयू में की जाएगी 112 पदों पर सीधी भर्ती

**संस्थान :** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक (हरियाणा)

**पद संख्या :** 112

**पदनाम :** असिस्टेंट प्रोफेसर

**आवेदन शुल्क :** वर्ग के अनुसार 125 रुपये से 500 रुपये तक। भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना होगा। दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 03 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** www.mdu.ac.in

## 14 लाइब्रेरियन समेत 40 पदों पर आवेदन करें

**संस्थान :** राजस्थान लोक सेवा आयोग(अजमेर), आरपीएससी

**पद संख्या :** 40

**पदनाम :** फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर

**आवेदन शुल्क :** 600 रुपये। राजस्थान गैर क्रीमी लेयर के ओबीसी/ एससी/एसटी, विशेष पिछड़ा वर्ग और दिव्यांगों के लिए 400 रुपये।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 07 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** rpsc.rajasthan.gov.in

## 15 सेल ने मांगे 20 पदों पर ऑनलाइन आवेदन

**संस्थान :** स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल)

**पद संख्या :** 20

**पदनाम :** मेडिकल ऑफिसर एवं कंसल्टेंट

**आवेदन शुल्क :** सामान्य, ईडब्ल्यूएस एवं ओबीसी वर्ग के लिए 700 रुपये। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांगों के लिए 200 रुपये।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 02 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://sail.co.in

## 16 निफ्ट में भरे जाएंगे असिस्टेंट समेत 14 पद

**संस्थान :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट)

**पद संख्या :** 14

**पदनाम :** असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, मशीन मेकेनिक एवं अन्य पद

**आवेदन शुल्क :** 590 रुपये। भुगतान ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से कर सकते हैं। एससी/एसटी वर्ग एवं दिव्यांगों के लिए शुल्क देय नहीं है।

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 09 अप्रैल 2024

**वेबसाइट :** https://www.nift.ac.in/kolkata/career

**ध्यान दें** हिन्दुस्तान जॉब सर्च के तहत प्रकाशित सूचनाएं विभिन्न स्रोतों से जुटाई जाती हैं। किसी भी भर्ती के लिए आवेदन करने और शुल्क जमा करने से पहले इसकी पड़ताल कर लें।

सभी प्रकार की मासिक पत्रिका मैगजीन पढ़ने वाले इस पेज को किलक करे जरूर करे

https://t.me/Magazine9876

**Those who read all types of monthly magazines must join this group.**

**Please touch this page**